वर्ष : 34 | अंक : 270 | मुंबई, रविवार, 7 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## महाराष्ट्र में एक साल से नहीं बना एलओपी

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति हुए एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन सरकार अब तक यह संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पाई है। ठाकरे ने कहा कि आगामी शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों के लिए नेता प्रतिपक्ष की घोषणा होना जरूरी है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा सरकार इतनी बहुमत में होने के बावजूद एलओपी से क्यों डर रही है? यह पद संवैधानिक है और इसे खाली छोड़ना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार एलओपी नियुक्त नहीं करती, तो यह पहली बार होगा कि विधानसभा सत्र बिना नेता प्रतिपक्ष के आयोजित होगा। ठाकरे ने तंज कसते हुए यह भी कहा कि अगर एलओपी गैर-संवैधानिक माना जा रहा है, तो उपमुख्यमंत्री का पद भी खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि वह भी संविधान में कहीं उल्लेखित नहीं है। वर्तमान में राज्य में दो उपमुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे और अजित पवार) कार्यभार संभाल रहे हैं।



# 'महायुति में सबका मालिक एक है'

मंत्री लोढा के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने किया कटाक्ष

एनाकोंडा शिवसेना (शिंदे) और राकांपा (अजित) को निगल लेगा : ठाकरे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पूर्व मुख्यमंत्री तथा शिवसेना (उद्धव) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रदेश के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा के बयान को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर कटाक्ष किया है। बीते शुक्रवार को लोढा ने कहा था कि राज्य में भाजपा के अलावा दूसरे दल भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इशारे पर चलते हैं। शनिवार को मातोश्री में पत्रकारों से बातचीत में उद्धव ने कहा कि भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और राकांपा (अजित) तीनों दलों के नेता एक हैं। केवल महायुति नाम के लिए हैं। शिवसेना (शिंदे) और राकांपा (अजित) भाजपा की बी टीम है। तीनों दलों के मालिक एक ही हैं। उद्धव ने कहा कि मैं पहले एक शब्द का इस्तेमाल किया था-एनाकोंडा। यह एनाकोंडा शिवसेना (शिंदे) और राकांपा (अजित) दोनों दलों को निगले बिना नहीं रहेगा। उद्धव का इशारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर था।

### निकाय चुनाव कैप्चर करने का प्रयास

उद्धव ने कहा कि इस बार के नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव का अनुभव काफी खराब है। सत्तारूढ़ दलों के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हो रही है। पहले दूसरे राज्यों में चुनाव के दौरान बूथ कैप्चरिंग होती थी और बंदूकें निकलती थीं। लेकिन सत्ता के लोभ में अब बूथ कैप्चरिंग के बजाय पूरा चुनाव ही चुनाव कैप्चर (कब्जा) करने का प्रयास किया जा रहा है। उद्धव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट आवारा श्वानों के बारे में आदेश दे सकता है तो मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर सख्त आदेश देना चाहिए।

### महा-यूति सरकार की आंतरिक खींचतान पर कटाक्ष

ठाकरे ने स्थानीय निकाय चुनावों के पहले चरण में महायुति सरकार के भीतर चली तकरार पर भी निशाना साधा। उन्होंने इसे "सत्ता के लालच की राजनीति" बताया और कहा कि इससे जनता का विश्वास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अंत में कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में जनता की उम्मीदें केवल शिवसेना (यूबीटी) से जुड़ी हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### लोकसभा में 'डीपफेक' पर लगाम के लिए विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** 'डीपफेक' पर लगाम के लिए लोकसभा में निजी सदस्य विधेयक पेश किया गया। विधेयक में देश में डीपफेक से जुड़े मामलों को लेकर स्पष्ट कानूनी रणनीति और नियम तय करने की आवश्यकता जताई गई है। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने शुक्रवार को लोकसभा में यह निजी विधेयक रखा। उन्होंने कहा कि देशभर में डीपफेक का इस्तेमाल कर शोषण, धोखाधड़ी, भ्रामक सूचनाएं फैलाने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग एक ओर शिक्षा, मनोरंजन और रचनात्मक क्षेत्रों में लाभकारी है, वहीं इसका दुरुपयोग डीपफेक के जरिये राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यक्तिगत निजता और सार्वजनिक विश्वास को नुकसान पहुंचा रहा है।

### 'मेरे पिता को शक पर मुझे पूरा भरोसा'

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक मीडिया कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसी बातें कही हैं जो राजनीति में चर्चा का विषय बन गई हैं। ईवीएम में गड़बड़ी के मुद्दे पर उन्होंने विपक्ष की आम राय से हटकर बयान दिया है। उमर ने साफ किया कि वह ईवीएम हैकिंग की थ्योरी को नहीं मानते और न ही उन्हें लगता है कि मशीनों में कोई चोरी होती है। दिलचस्प बात यह है कि इस मुद्दे पर उनकी राय अपने ही पिता फारूक अब्दुल्ला से बिल्कुल मेल नहीं खाती, जो मानते हैं कि मशीनों में छेड़छाड़ संभव है। उमर ने बड़े ही सरल अंदाज में कहा कि यह मुद्दा उनके घर में भी बहस का कारण बनता है। उन्होंने कार्यक्रम के मंच से अपने पिता से माफी मांगते हुए कहा कि वह उस पीढ़ी के हैं जो फोन पर आने वाली हर जानकारी पर भरोसा कर लेते हैं, लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता।

### अगले हफ्ते चार दिन बैंक रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** दिसंबर के महीने में क्रिसमस, न्यू ईयर इव जैसे कई मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। रही बात आने वाले हफ्ते की, तो 8 दिसंबर से 14 दिसंबर के बीच बैंक चार दिन बंद रहने वाले हैं। आइए देखते हैं कि अगले हफ्ते किस-किस दिन बैंक बंद रहने वाले हैं ताकि हम बैंक संबंधी अपना कामकाज उस हिसाब से प्लान कर सके। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक, बैंक हर रविवार और महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं। इस दौरान देशभर में बैंक बंद रहते हैं। इसके अलावा, रीजनल और स्थानीय त्योहारों के आधार पर भी बैंकों की छुट्टियां अलग-अलग राज्यों के हिसाब से अलग-अलग होती हैं। आने वाले हफ्ते में शनिवार और रविवार समेत चार दिन बैंक बंद रहेंगे।

# सीमाओं पर सुरक्षा होगी और मजबूत

## देश में पहली बार अब 3डी तकनीक से फॉरवर्ड इलाकों में बनेंगे सेना के बंकर

एजेंसी | गंगटोक/गुवाहाटी

देश में पहली बार सिक्किम की सीमाओं पर बुनियादी ढांचे को तेजी से मजबूत करने की दिशा में भारतीय सेना ने एक बड़ा कदम उठाते हुए फॉरवर्ड इलाकों में ऑन-साइट 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। त्रिशक्ति कोर ने सिक्किम और उससे सटे अग्रिम मोर्चों पर इस अत्याधुनिक तकनीक का वास्तविक तैनाती के साथ इस्तेमाल किया है। यह कदम भारतीय सेना और आईआईटी हैदराबाद के संयुक्त प्रोजेक्ट प्रबल (पोर्टेबल रोबोटिक प्रिंटर फ़ॉर प्रिंटिंग बंकर्स एंड एक्सेसरीज) के तहत संभव हुआ है। यह पूर्ण रूप से स्वदेशी तकनीक है। गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया भारतीय सेना ने सीमाई इलाकों में इंजीनियरिंग क्षमता बढ़ाने के लिए 3डी प्रिंटिंग तकनीक को अपनाने की तैयारी तेज कर दी है। चुनौतीपूर्ण पहाड़ी और बर्फीले मोर्चों पर अब बंकरों से लेकर अन्य सुरक्षा ढांचे तक-सब कुछ पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और रिकॉर्ड समय में बनाया जा सकेगा। यह तकनीक आने वाले दिनों में बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को नई मजबूती देगी। सेना ने कुछ अग्रिम चौकियों पर 3डी प्रिंटेड संरचनाओं का सफल ट्रायल किया है।



भारी बर्फबारी, तेज़ हवाओं और भूकंपीय गतिविधियों जैसे मुश्किल हालात में भी ये ढांचे स्थिर पाए गए। पारंपरिक निर्माण की तुलना में 3डी प्रिंटिंग में समय कम लगता है और लागत भी घटती है। अधिकारी के मुताबिक, 3डी प्रिंटिंग से तैयार होने वाले बंकर, पोस्ट और स्टोरेज यूनिट न सिर्फ अधिक टिकाऊ होंगे, बल्कि सैनिकों को बेहतर सुरक्षा भी प्रदान करेंगे। आपातकालीन हालात-जैसे फायरिंग, घुसपैठ या प्राकृतिक आपदा में तुरंत संरचना खड़ी करने की क्षमता सेना को बड़ी रणनीतिक बढ़त देगी। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में यह तकनीक 'भविष्य के युद्धक्षेत्र' की आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी। सेना का प्रयास है कि सीमाई इलाकों के अधिकांश संवेदनशील मोर्चों पर जल्द ही इस तकनीक से निर्माण कार्य को गति दी जाए।

### कैसे काम करती है यह आधुनिक तकनीक

इस स्वदेशी रोबोटिक 3डी कंक्रीट प्रिंटर में, रोबोटिक आर्म, सर्कुलर मिक्सर, पिस्टन पंप, पावर जनरेटर जैसे उपकरण लगे हैं। यह पूरी तरह वाहन-पोर्टेबल है और पहाड़ी इलाकों में तेजी से ले जाया जा सकता है। फॉरवर्ड एरिया में तैनाती के बाद यह सुरक्षा ढांचे कुछ ही घंटों/दिनों में तैयार कर देता है।

### जीवंत बैलिस्टिक ट्रायल में सफल

सेना द्वारा इस तकनीक से तैयार संरचनाओं पर लाइव बैलिस्टिक टेस्ट किए गए, जिनमें इसकी सुरक्षा क्षमता, मजबूती और ब्लास्ट रेसिस्टेंस पूरी तरह प्रमाणित हो चुकी है।

### क्या है 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग का फायदा

अधिकारी का कहना है कि ऑपरेशनल जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइज्ड डिजाइन, ब्लास्ट और बुलेट प्रतिरोध में बढ़ोतरी, ज्यादा कंप्रेसिव स्ट्रेंथ, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग, कठिन पहाड़ी इलाकों में भी तेजी से निर्माण, छुपाव और इलाके की मांग के अनुसार डिजाइन तैयार करने की सुविधा यह तकनीक किसी भी दुर्गम इलाके में अल्प समय में संरचना तैयार करने में सेना की बड़ी मदद करेगी। अधिकारी के मुताबिक अनुसार, ऑन-साइट 3डी प्रिंटिंग तकनीक का बढ़ता उपयोग सेना की इंजीनियरिंग की ताकत में बढ़ोतरी होगी।

# दलबदलुओं पर महायुति का फैसला

## घटक दल के नेताओं को अपने दल में नहीं करेंगे शामिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि महायुति समन्वय समिति के घटक दलों ने निर्णय लिया है कि वे एक-दूसरे के नेताओं या पदाधिकारियों को अपने दल में शामिल नहीं करेंगे। यह निर्णय गठबंधन के भीतर बढ़ते तनाव और स्थानीय निकाय चुनावों के नजदीक आते ही उठाए गए कदम का हिस्सा है। बावनकुले ने बताया कि इस फैसले पर जल्द ही गठबंधन के तीन प्रमुख नेताओं की बैठक में अंतिम मुहर लगाई जाएगी।



### गठबंधन में बढ़ता तनाव

गठबंधन के भीतर खासकर भाजपा और शिवसेना के बीच तनाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। भाजपा के कथित 'ऑपरेशन लोटस' को लेकर न केवल विपक्षी दल बल्कि सहयोगी दलों ने भी अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं। इसी कारण महायुति समन्वय समिति ने यह कदम उठाने का निर्णय लिया है ताकि गठबंधन के भीतर राजनीतिक असंतुलन को कम किया जा सके और सदस्य दलों के बीच भरोसा कायम रहे।

### उपमुख्यमंत्री शिंदे की चिंताएँ

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में कथित राजनीतिक तोड़फोड़ की आशंकाओं को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। शिंदे की यह कार्रवाई गठबंधन में बढ़ते राजनीतिक दबाव और संभावित मतभेदों को ध्यान में रखते हुए की गई थी। इस संदर्भ में महायुति समन्वय समिति ने सभी घटक दलों को एक स्पष्ट दिशा-निर्देश देने का निर्णय लिया।

### शीर्ष नेताओं की बैठक तय

चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि इस संकल्प को औपचारिक रूप देने के लिए अगले दो से तीन दिनों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी दलों की सहमति और कार्यान्वयन की रूपरेखा तय की जाएगी, जिससे गठबंधन के भीतर राजनीतिक स्थिरता बनी रहे।

# राहुल गांधी मानहानि मामले की सुनवाई स्थगित



- गवाह नहीं हो सका पेश
- सायकर की गवाही अब 29 दिसंबर को दर्ज किए जाने की संभावना

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

जिले की एक अदालत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के एक स्वयंसेवक की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 20 दिसंबर तक स्थगित कर दी। अदालत ने अभियोजन पक्ष के एक महत्वपूर्ण गवाह की अनुपलब्धता के कारण यह निर्णय लिया।

### कोर्ट में पेश नहीं हो सका गवाह

राहुल के वकील नारायण अय्यर ने सुनवाई स्थगित किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि गवाह अशोक सायकर व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो सके। सायकर वर्तमान में सोलापुर के बार्शी में पुलिस उपाधीक्षक (DSP) हैं। सायकर की गवाही अब 29 दिसंबर को दर्ज किए जाने की संभावना है। उनकी गवाही को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि 2014 में पुलिस उपनिरीक्षक के रूप में उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता (CRPC) की धारा-202 के तहत मानहानि मामले की शुरुआती जांच की थी।

### कब होगी मामले की सुनवाई?

यह मामला पहले 29 नवंबर के लिए निर्धारित था, लेकिन राहुल की विधि टीम ने उनकी अनुपलब्धता का हवाला देते हुए सुनवाई स्थगित किए जाने का अनुरोध किया था, जिसके बाद इसे छह दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया था। सुनवाई अब 20 दिसंबर को फिर से शुरू होगी।

### किस बयान के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा?

सायकर की ओर से पेश रिपोर्ट के आधार पर ही अदालत ने बाद में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा-500 के तहत राहुल के खिलाफ समन जारी किया था। समाचार एजेंसी भाषा के मुताबिक, आरएसएस के स्थानीय कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने छह मार्च 2014 को भिवंडी के पास एक चुनाव रैली में कांग्रेस नेता के उस कथित बयान को लेकर आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि आरएसएस के लोगों ने (महात्मा) गांधी की हत्या की थी। भिवंडी के संयुक्त दीवानी न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन पीएम कोलसे वर्तमान में मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इससे पहले 15 नवंबर को सुनवाई स्थगित कर दी गई थी।

# अगले साल छह दिसंबर तक पूरा हो जाएगा आंबेडकर मेमोरियल का काम

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संविधान के मुख्य वास्तुकार बाबासाहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुंबई के दादर इलाके में इंदु मिल में बन रहे भव्य स्मारक को अगले साल छह दिसंबर तक पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह घोषणा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 'चैत्यभूमि' में आयोजित एक समारोह में की। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंबेडकर स्मारक का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, और इसे अगले वर्ष छह दिसंबर तक पूरा करने के सभी प्रयास किए जाएंगे।



### परियोजना का इतिहास और समन्वय

यह भव्य स्मारक 4.84 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने 2013 में इसके विकास के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण को विशेष योजना प्राधिकरण (एसपीए) नियुक्त किया था। इस परियोजना का भूमि पूजन 11 अक्टूबर, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ था। मई 2022 में, महाराष्ट्र सरकार ने सामाजिक न्याय और विशेष सहायता मंत्री के अधीन एक कैबिनेट उप समिति का भी गठन किया था।

### इंडिगो ने दुरुस्त किया 95 फीसदी नेटवर्क

**मुंबई।** इंडिगो ने तकनीकी समस्या से जुड़ा 95 फीसदी नेटवर्क दोबारा ठीक कर लिया है। इंडिगो प्रवक्ता ने शनिवार को बयान जारी कर ये जानकारी दी। इंडिगो ने बताया कि नेटवर्क प्रणाली को बेहतर करने के साथ रोस्टर को भी दुरुस्त किया जा रहा। इंडिगो ने बताया कि शुक्रवार को 700 विमानों का संचालन किया गया। शनिवार को करीब 1500 उड़ानों का संचालन का लक्ष्य रखा गया। 138 में से 135 गंतव्यों पर हम विमानों का संचालन कर रहे हैं। कंपनी ने बताया कि पांच दिसंबर से 15 दिसंबर तक रद्द हुई उड़ानों के टिकट का पूरा पैसा ऑटोमेटिक तरीके से पैसा वापस किया जाएगा। शनिवार को एक्स पर पोस्ट में कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि टिकट का पैसा वापस करने में किसी तरह का कोई सवाल नहीं किया जाएगा। जिस यात्री ने जिस तरीके से टिकट के लिए भुगतान किया था, उसी तरीके से पैसा वापस दिया जाएगा।


पेज 8 भी देखें




## जीडीपी: आठ फीसदी ग्रोथ नई रफ्तार का संकेत

# दुनिया में हाई ग्रोथ-लो इंफ्लेशन का मॉडल बना भारत : पीएम

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती और तेजी से बढ़ती विकास दर पर विस्तार से बात की। उन्होंने एक समाचार पत्र के कार्यक्रम के दौरान कहा कि हाल में जारी दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों में दर्ज 8% ग्रोथ देश की नई ऊर्जा और बदलते आर्थिक माहौल का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती भूमिका और मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतों का सबूत हैं। दुनिया आज भारत को ग्लोबल ग्रोथ ड्राइवर के रूप में देख रही है।

### गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करना होगा

पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की कि आने वाले 10 वर्षों में भारत को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि आज देश का हर क्षेत्र उपनिवेशवादी सोच से बाहर निकलकर नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि मैकॉले की नीति, जिसने भारत में मानसिक गुलामी की बीज बोए, वह वर्ष 2035 में 200 साल पूरी कर लेगी। उन्होंने कहा इसका मतलब है कि हमारे पास सिर्फ 10 साल हैं। हमें मिलकर इस मानसिक गुलामी को जड़ से खत्म करना होगा।

### हमारी संस्कृति को बदनाम किया गया

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में पुराने आर्थिक विमर्श पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक समय जब भारत 2-3% की ग्रोथ के लिए संघर्ष कर रहा था, तब इसे 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' कहा गया। और आज वही लोग हर चीज़ में साम्प्रदायिकता ढूंढते हैं, लेकिन इस शब्द में उन्हें कोई समस्या नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि इस शब्द को किताबों, शोधपत्रों और नीतिगत विमर्श का हिस्सा बना दिया गया।

# भंगार में एमबीएमसी की कार्डियक एम्बुलेंस

## लाखों के उपकरण गायब, मरीजों की जान से खिलवाड़

**भाईंदर।** मीरा-भाईंदर महानगरपालिका की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। भाजपा जिला सचिव प्रवीण राय ने आरोप लगाया है कि परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा मनपा को उपलब्ध कराई गई कार्डियक एम्बुलेंस (MH04 IP 0710) कई महीनों से बंद पड़ी थी। जांच की मांग के बाद एम्बुलेंस को अचानक भंगार में बेच दिया गया, जबकि यह गंभीर मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती थी।

प्रवीण राय के पत्र में खुलासा हुआ कि एम्बुलेंस में लगे महंगे और अनिवार्य मेडिकल उपकरण गायब थे। इसमें शामिल हैं: मॉनिटर (1,50,000), वेंटिलेटर (1,50,000), सीरिंज पंप (80,000), सक्शन पंप (40,000) और इन्वर्टर (30,000)। इन उपकरणों के बिना यह कार्डियक एम्बुलेंस केवल एक खाली वाहन बनकर रह गई थी।




### वाहन बंद, लेकिन नए टायर लगाए गए

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वाहन पर नए टायर लगाए गए थे, बावजूद इसके एम्बुलेंस महीनों से बंद पड़ी रही। मनपा रिकॉर्ड में इसे तीन घंटे तक चलाया गया दिखाया गया, जबकि वास्तविकता बिल्कुल अलग थी। यह प्रशासन में गंभीर लापरवाही और रिकॉर्ड में गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

### मरीजों की जान खतरे में और जांच की मांग

कार्डियक अरेस्ट में हर सेकंड अहम होता है। सरकारी एम्बुलेंस बंद रहने के कारण मरीज समय पर इलाज नहीं पा रहे और निजी एम्बुलेंस पर निर्भरता बढ़ रही है, जिससे खर्च और जोखिम बढ़ रहे हैं। प्रवीण राय ने आयुक्त, उपायुक्त और चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित शिकायत देकर तत्काल जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, साथ ही कार्डियक एम्बुलेंस सेवा तुरंत बहाल करने की अपील की है।

# गैस कर्मचारी पर चाकू से हमला

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर में एक गैस वितरण कर्मचारी आकाश सिंह (26) पर उसके दोस्तों ने चाकू से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। आकाश ने अपने दोस्तों को बताया कि वह अब उनके साथ शराब पार्टी या मीटिंग में नहीं जाएगा। इससे गुस्साए चार दोस्तों ने आकाश को पकड़ा, गालियाँ दीं और उसकी पिटाई की। घायल आकाश ने इस घटना की शिकायत खड़कपाड़ा पुलिस थाने में दर्ज कराई है। आकाश सिंह उल्हासनगर क्रमांक 4 में अपने परिवार के साथ रहते हैं और साईं कृपा गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरक के रूप में काम करते हैं। दो दिन पहले वह अटाली अंबिवली इलाके में अपने ग्राहकों से पैसे लेने गए थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात उनके पुराने दोस्तों सागर सुरदकर उर्फ पिकाचु, रूपेश ओवाले, सिद्धार्थ और म्हारी से हुई। इससे पहले ये सभी दोस्त आकाश के साथ शराब पीने और मीटिंग करने का आयोजन करते रहे थे। आकाश ने शराब पार्टी में शामिल न होने की बात कहते ही सागर सुरदकर ने गुस्से में पास पड़े चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमला करने के दौरान आकाश ने पूछा कि उसने कोई गलत काम नहीं किया तो चाकू क्यों मारा, लेकिन सागर और उसके अन्य तीन दोस्तों ने आकाश को पकड़ कर लात-घूसों से पिटाई की।

# चैन स्नैचिंग व मोटर साइकिल का फरार आरोपी गिरफ्तार

## लाखों की नगदी व मोटर साइकिल बरामद

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में चोर व बदमाशों की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। लूट और चोरी की घटनाओं को बदमाश बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। इसी बीच क्राइम ब्रांच ने एक फरार आरोपी को मुखबिर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों रुपये के सोने के गहने और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



### टीम की मुस्तैदी से आरोपी गिरफ्तार, 3 लाख का माल बरामद

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच यूनिट-4 की टीम ने वरिष्ठ निरीक्षक योगेश आव्हाड के निर्देशन में कार्रवाई की। पुलिस कांस्टेबल नितिन बैसने को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि चेन स्नैचिंग और बाइक चोरी में शामिल आरोपी अमर डाई कंपनी शहाड में आने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी कर शेरअली इमाम फकीर (21) को पकड़ लिया। तलाशी में टीव्हीएस मोटरसाइकिल, टूटा सोने का मंगलसूत्र और 15 ग्राम का बोरमाल मिला, जिसकी कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी और बरामद माल को हिल लाइन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि



**मुंबई।** भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर महापारेषण के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजू गायकवाड़ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजू गायकवाड़, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी भरत पाटिल और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद आवताडे ने डॉ. आंबेडकर और उनके मौलिक विचारों के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में कार्यकारी अभियंता अविनाश बोरकर, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं राजशिष्टाचार अधिकारी सतिश जाधव, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप सुरवसे, सहायक अभियंता अनुराग रांगणकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार-ट्रक की टक्कर में हादसा, दो टूरिस्ट की मौत

**लोनावाला।** पुणे स्थित लोनावाला हिल स्टेशन पर शनिवार सुबह एक कार और एक मिनी ट्रक के बीच टक्कर में गोवा के दो पर्यटकों की मौत हो गई। ट्रक चालक घायल है। पुलिस ने बताया कि मृतक गोवा के 14 लोगों के एक ग्रुप का हिस्सा थे, जो पिकनिक मनाने के लिए लोनावाला आए थे। मृतकों की पहचान योगेश सुतार (21) और मयूर वेंगुर्लेकर (24) के रूप में हुई है। दोनों गोवा के मापुसा के निवासी हैं। यह हादसा लोनावाला के लायन्स पॉइंट के पास हुआ, जब उनकी कार एक ट्रक से आमने-सामने टकरा गई। दोनों युवक बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार में फंस गए थे। कुछ स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकाला।

# एक्साइज डिपार्टमेंट ने छापा मारा

## 2805 लीटर गांव की शराब जब्त



**ठाणे।** ठाणे जिले के देसाई गांव में एक्साइज डिपार्टमेंट ने गैर-कानूनी शराब पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 2805 लीटर हाथ से बनी गांव की शराब जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान करीब तीन लाख रुपये का माल ज़ब्त किया गया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गोपनीय सूचना के आधार पर फ्लाइंग स्क्वॉड और विभिन्न डिवीज़नों की संयुक्त टीम ने छापा मारा। इस मामले में दैघर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

### गैर-कानूनी शराब पर सख्ती जारी रहेगी

एक्साइज डिपार्टमेंट ने हाल के दिनों में गैर-कानूनी शराब के बढ़ते कारोबार पर सख्ती बढ़ाई है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब के धंधे पर दबाव बढ़ा है। विभाग के अधिकारियों ने साफ किया है कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, ताकि इलाके में अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ठाणे के वरिष्ठ नागरिक से लूट लिए 1.06 करोड़

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर में एक गंभीर ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 78 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक से कथित रूप से 1.06 करोड़ की ठगी की गई। राबोडी पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### 1.06 करोड़ रुपये 21 बार में ट्रांसफर

अक्टूबर और नवंबर महीने के दौरान, पीड़ित ने कथित तौर पर 21 बार में कुल 1.06 करोड़ रुपये ऑनलाइन माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब उसने पैसे वापस मांगने की कोशिश की, तो आरोपी ने जवाब देना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### शुरुआत में विश्वास जीतकर निवेश में फंसाया

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा और धीरे-धीरे उसका विश्वास जीतने के बाद उसे "अच्छे मुनाफे" का लालच देकर निवेश के लिए एक अन्य ग्रुप में शामिल कर लिया। इस तरह पीड़ित बुजुर्ग आरोपी के झांसे में आ गया और उसके बताए गए निवेश रास्तों पर भरोसा कर बैठा।


# जलापूर्ति पाइपलाइन फटी

## लाखों लीटर पानी बर्बाद

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी बाईपास के पास गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदते समय पिसे डैम से ठाणे शहर को पानी देने वाली मुख्य पाइपलाइन अचानक फट गई। ड्रिलिंग मशीन से खुदाई के दौरान पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा, जिससे लाखों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। यह पाइपलाइन ठाणे की जलापूर्ति का प्रमुख स्रोत है।

### मरम्मत में हो रही समस्या



मुंबई-नासिक हाईवे पर नई मेट्रो गैस लाइन बिछाने का काम किया जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। पाइपलाइन जमीन के नीचे होने से मरम्मत में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं। घटना के बाद ठाणे मनपा के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रिसाव रोकने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पाइपलाइन सुधारने के लिए एक दिन का शटडाउन दिया जाएगा।

### कई इलाकों में जल संकट की आशंका

फिलहाल ठाणे के कई हिस्सों में कम दबाव के साथ जल आपूर्ति मिलने की संभावना है। अगले एक-दो दिन तक पानी की सप्लाई प्रभावित रह सकती है। ऐसे में ठाणे मनपा ने नागरिकों से पानी का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है।

# पुलिस ने चोरी हुए महंगे मोबाइल असली मालिकों को लौटाए



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे पुलिस आयुक्तालय की जबरन हफ्ता वसूली विरोधी इकाई ने पंद्रह महंगे मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत 1,97,589 रुपये है, उनके असली धारकों को वापस किए। पीआरओ शैलेश साल्वी ने बताया कि पुलिस ने सीआईआर एप्लिकेशन के माध्यम से खोए हुए मोबाइल ट्रैक कर उन्हें मालिकों को सौंपा। ठाणे पुलिस उपायुक्त अमरसिंह जाधव और सहायक पुलिस आयुक्त विनय घोरपड़े ने ठाणे, डोंबिवली, बदलापुर, उल्हासनगर और भिवंडी के लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने चोरी हुए मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए https://ceir.gov.in वेबसाइट पर आवेदन करें।

# 21 लाख रुपए का प्रतिबंधित गुटखा जब्त

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई

**भिवंडी।** गुजरात से भिवंडी के रास्ते बड़ी मात्रा में गुटखा अवैध बिक्री के लिए लाया जा रहा था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने छापेमारी कर लगभग 21 लाख 15 हजार 250 रुपये मूल्य का बनारसी आशिक सुगंधी सुपारी और बनारसी आशिक सुगंधी तंबाकू का स्टॉक जब्त किया। साथ ही करीब 10 लाख रुपये कीमत का टाटा टेम्पो (MH 48 CB 4325) भी कब्जे में लिया गया। बता दें, महाराष्ट्र सरकार ने स्वास्थ्य के लिए हानिकारक गुटखा के परिवहन और भंडारण पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।



### मुंबई-नासिक हाईवे पर टेम्पो चालक गिरफ्तार

इस बीच प्रशासन को सूचना मिली थी कि टेम्पो चालक तालिब साबित अली खान बिक्री के लिए गुटखा ले जा रहा है। इसके बाद 2 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे भिवंडी-ठाणे बाइपास पर सोनाले स्थित सत्यम ऑटो पेट्रोल पंप के पास जाल बिछाया गया। जांच में टेम्पो से गुटखा और सुगंधित तंबाकू बरामद हुआ।

# मेफेड्रोन पाउडर सहित 2 लाख मूल्य का कीमती सामान जब्त

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

कल्याण से आए एक ड्रग डीलर को शांतिनगर पुलिस ने शुक्रवार दोपहर मेफेड्रोन (एमडी) पाउडर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 48 वर्षीय सलाम इस्लाम खान (निवासी रेतीबंदर रोड, कल्याण) के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सलाम नशीला पदार्थ बेचने के लिए भिवंडी आने वाला है। इसके बाद पुलिस टीम ने बी चौकी से भादवड पाइपलाइन के पास नई सड़क पर जाल बिछाया और करीब 3:45 बजे आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20 ग्राम मेफेड्रोन बरामद हुआ।

### 9 दिसंबर तक पुलिस रिमांड



पुलिस ने आरोपी के पास से 2 लाख 10 हजार रुपये की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और मेफेड्रोन पाउडर जब्त किया है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 9 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश गायकर द्वारा की जा रही है।

# ठाणे महापालिका में दस्तावेज़ ग़ायब होने का मामला उजागर

**ठाणे।** ठाणे महापालिका के कामकाज को लेकर शहर में पहले ही कई तरह की चर्चाएं चल रही थीं, इसी बीच शहर विकास विभाग की एक अहम फाइल ग़ायब होने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले में महापालिका के कार्यकारी अभियंता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई राज्य सूचना आयोग के आदेश के बाद की गई है। कुछ महीनों पहले ठाणे महापालिका के उपायुक्त शंकर पाटोले के खिलाफ रिश्वत मामले में कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तारी के बाद उनका निलंबन भी किया गया था। यह मामला पूरे राज्य में चर्चित रहा और महापालिका की कार्यप्रणाली पर भी लगातार सवाल उठते रहे। इसी बीच अब शहर विकास विभाग की एक विकास प्रस्ताव से संबंधित फाइल लापता पाई गई है। सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगे जाने पर यह दस्तावेज़ उपलब्ध ही नहीं मिला।




### आरटीआई में दी गई जानकारी भी नहीं मिली

कार्यकारी अभियंता की शिकायत के अनुसार, ठाणे के एक नागरिक ने करीब डेढ़ साल पहले विकास प्रस्ताव से जुड़े दस्तावेज़ की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए आरटीआई आवेदन लगाया था। उनसे शुल्क जमा कराने को कहा गया, लेकिन शुल्क भरने के बाद भी दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके बाद आवेदक ने अपील की, लेकिन अपील के बाद भी उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। अंततः उन्होंने 10 महीने पहले राज्य कोकण खंडपीठ में अपील दायर की। सुनवाई में संबंधित उपअभियंताओं ने बताया कि दस्तावेज़ कार्यालय में उपलब्ध ही नहीं हैं।

### राज्य सूचना आयोग के आदेश के बाद बड़ा खुलासा

30 जुलाई को राज्य सूचना आयोग ने सुनवाई कर कहा कि यदि दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं हैं, तो शपथपत्र प्रस्तुत किया जाए। 29 अक्टूबर को महापालिका अधिकारियों ने शपथपत्र दिया और स्वीकार किया कि यह फाइल कनिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर ग़ायब हुई है। इसके बाद आयोग ने फौजदारी कार्रवाई करने और पुलिस में मामला दर्ज करने का आदेश दिया। आदेश के अनुसार महापालिका के वर्तमान और पूर्व लिपिकों व कर्मचारियों के खिलाफ नौपाड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की आगे की जांच जारी है।





# 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबासाहब को चैत्यभूमि में लाखों भीम अनुयायियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** दादर स्थित चैत्यभूमि पर बुधवार को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आस्था और भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा। देशभर के साथ-साथ विभिन्न देशों से आए लाखों अनुयायियों ने भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को नमन किया और सामाजिक न्याय के उनके संदेश को याद किया। चैत्यभूमि परिसर में "जय भीम" और "बाबासाहेब अमर रहें" के स्वर गूंजते रहे। कई अनुयायियों ने यहां लगाई गई पुस्तकों की दुकानों से बाबासाहेब की रचनाएँ खरीदीं, तो वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने ध्यान, प्रार्थना और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र-निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर विधानसभा के उपाध्यक्ष अन्ना बंसोडे, मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, मंत्री एवं विधि विशेषज्ञ आशीष शेलार, मंत्री संजय शिरसाट, वंचित के प्रकाश आंबेडकर सहित सभी आंबेडकरी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





## राष्ट्र की प्रगति में आंबेडकर की दूरदर्शी सोच: मुख्यमंत्री फडणवीस

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस अवसर पर कहा कि आंबेडकर ने राष्ट्र की प्रगति की नींव रखी। उन्होंने टिप्पणी की कि आंबेडकर की दूरदर्शी सोच के कारण ही भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा में आंबेडकर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पावर ग्रिड अवधारणा अपनाने से देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सका। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि संविधान ने मजबूत लोकतांत्रिक आधार सुनिश्चित किया और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की। फडणवीस ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार 'चैत्यभूमि' स्मारक पर विकास कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एचबीटी ट्रॉमा केयर अस्पताल में डॉक्टरों की भर्ती में फर्जीवाड़ा

- बीएमसी ने आरोपों की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित
- शिवसेना (शिंदे) सांसद रविंद्र वायकर ने लगाया था आरोप

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

जोगेश्वरी (पूर्व) स्थित हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे (एचबीटी) ट्रॉमा केयर अस्पताल में डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों के बाद मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की है। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब शिवसेना (शिंदे) सांसद रविंद्र वायकर ने अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए। बीएमसी की प्रमुख अस्पतालों की संचालक डॉ. नीलम अंद्राडे ने समिति गठन की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।




### बिना साक्षात्कार नियुक्त और वेतन भुगतान पर आरोप

सांसद वायकर ने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 60 से 70 डॉक्टरों की नियुक्ति बिना साक्षात्कार और निर्धारित प्रक्रिया के की गई। आरोप है कि तत्कालीन मेडिकल सुपरिटेंडेंट के निर्देश पर एक संविदा लिपिक ने सभी नियुक्ति पत्र जारी किए। कई डॉक्टर कभी अस्पताल में रिपोर्ट नहीं हुए, फिर भी उन्हें वेतन दिया गया। इसके अलावा एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने दावा किया कि डॉक्टरों के वेतन से हर महीने कमीशन लिया जाता था, और फर्जी उपस्थिति दिखाने के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली बंद रखी गई।

### बीएमसी की तीन सदस्यीय जांच समिति

गंभीर आरोपों के बाद कार्यवाहक स्वास्थ्य अधीक्षक ने आधिकारिक जांच की सिफारिश की। इसके बाद बीएमसी ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें कूपर अस्पताल की संयुक्त मुख्य कार्मिक अधिकारी मृणालिनी सुर्वे, कूपर अस्पताल के मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रेडकर और सायन अस्पताल के उप डीन डॉ. घनश्याम आहूजा शामिल हैं। समिति सभी भर्ती दस्तावेज, उपस्थिति रजिस्टर, वेतन रिकॉर्ड और सांसद वायकर द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करेगी और विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेगी।

## किसी धर्म में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रार्थना अनिवार्य नहीं : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति देने के अनुरोध से संबंधित एक मस्जिद की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उसे धार्मिक कार्यों को अधिकार का मामला बताकर लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने का हक नहीं है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी धर्म में ध्वनि उपकरणों का इस्तेमाल करके या



ढोल बजाकर प्रार्थना करने का आदेश नहीं है। जस्टिस अनिल पंसारे और जस्टिस राज वाकोड़े की पीठ ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा बार-बार सामने आ रहा है। अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए महाराष्ट्र सरकार को एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने एक दिसंबर के आदेश में गोंदिया जिले की मस्जिद गौसिया की याचिका खारिज कर दी, जिसमें नमाज के लिए लाउडस्पीकर उपयोग करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता यह दिखाने के लिए कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका कि लाउडस्पीकर का उपयोग उनके धार्मिक कार्यों के लिए अनिवार्य है। लिहाजा याचिका खारिज की जाती है।

# अनिल अंबानी की कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पॉवर लिमिटेड और 10 अन्य कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। यह मामला 68 करोड़ रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़ा है, जिसे निविदा हासिल करने के लिए प्रस्तुत किया गया था। ईडी ने बताया कि आरोपियों में रिलायंस पॉवर के पूर्व सीएफओ अशोक कुमार पाल, रिलायंस की सहायक कंपनियां जैसे रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड और रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड, तथा अन्य कंपनियां और व्यक्ति शामिल हैं।

### जांच में फर्जी बैंक गारंटी का पता चला



एजेंसी के अनुसार, जांच में यह पाया गया कि रिलायंस समूह के अधिकारियों को पूरी जानकारी थी कि प्रस्तुत की गई बैंक गारंटी फर्जी थी। एसबीआई की नकली ईमेल आईडी से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को धोखाधड़ी वाली मंजूरी भेजी गई थी। जब धोखाधड़ी का पता चला, तो रिलायंस समूह ने आईडीबीआई बैंक से असली बैंक गारंटी का प्रबंध किया, लेकिन यह कार्रवाई धोखाधड़ी की सूचना मिलने के अगले ही दिन की गई थी।

### सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ने नई गारंटी स्वीकार नहीं की

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने नई बैंक गारंटी स्वीकार करने से इनकार कर दिया, क्योंकि यह तय तारीख के बाद जमा की गई थी। इस मामले में आरोपपत्र में अन्य आरोपियों के नाम भी शामिल हैं, जैसे पी सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, अमर नाथ दत्ता, रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भैयासाहेब पोंगड़े और पुनीत नरेंद्र गर्ग। मामले की जांच अभी जारी है।

# गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड परियोजना रद्द करने की मांग



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

स्थानीय भाजपा विधायक मिहिर कोटेचा ने गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना के घटिया निर्माण के चलते मुलुंड के खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) में वृद्धि को गंभीर बताया। उन्होंने बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी से परियोजना के लिए आवंटित 550 करोड़ रुपये के ठेके को रद्द करने की मांग की है।

कोटेचा ने नागरिक इंजीनियरों, परियोजना सलाहकारों और वार्ड अधिकारियों के साथ अमर नगर से नाहुर तक 2 किलोमीटर के मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगभग 100 उल्लंघनों की पहचान हुई। परियोजना इंजीनियरों ने माना कि ठेकेदार को 40 पत्र जारी किए गए और 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, फिर भी कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ।

### बढ़ता AQI और स्वास्थ्य पर असर

शनिवार को मुलुंड का AQI 156 रिकॉर्ड किया गया, जो निवासियों के लिए अस्वास्थ्यकर माना जाता है। कोटेचा ने कहा कि धूल, प्रदूषित हवा और घटिया निर्माण कार्य इस वृद्धि के मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की लापरवाही के कारण निवासियों को स्वच्छ हवा से वंचित होना पड़ रहा है और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

जीएमएलआर परियोजना के तीसरे चरण में गोरेगांव और मुलुंड में तीन फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं। कोटेचा ने एलिवेटेड खंडों पर सुरक्षा चिंताओं को उठाया, जिसमें बैरिकेड्स, रेलिंग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की कमी शामिल है। उन्होंने चेताया कि ये खामियां यात्रियों के लिए 20-25 फीट नीचे गिरने का जानलेवा खतरा पैदा कर सकती हैं।

# अबू आजमी ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि पर कहा कि बाबा साहेब ने केवल दलितों के लिए नहीं, बल्कि मुसलमानों समेत सभी कमजोर वर्गों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ी। उन्होंने बताया कि संविधान के जरिए हमें अपने हक की आवाज बुलंद करने की ताकत मिली और देश बाबा साहेब के इस योगदान को कभी नहीं भूल सकता।

अबू आजमी ने 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के संदर्भ में बताया कि कई मुसलमान पाकिस्तान जा रहे थे, लेकिन बाबा साहेब ने स्पष्ट कहा कि नया भारत सभी धर्मों और वर्गों को बराबरी के अधिकार देगा। उन्होंने दलितों और मुसलमानों सहित दबे-कुचले लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

आज हम जब भी न्याय के पक्ष में खड़े होते हैं, यह बाबा साहेब द्वारा दिए गए अधिकारों और साहस का परिणाम है।



### महापरिनिर्वाण दिवस पर मुंबई में श्रद्धांजलि

महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अबू आजमी मुंबई की चैत्यभूमि पहुंचे और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समानता, न्याय, बंधुत्व और शिक्षा का मार्ग दिखाया, जो आज भी हमारे संघर्षों का पथप्रदर्शक और संवैधानिक मूल्यों का आधार है। उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। एक सवाल के जवाब में अबू आजमी ने कहा कि विपक्ष के नेता का पद बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने उदाहरण दिया कि व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर राहुल गांधी को न बुलाना सरकार की डर की निशानी है और यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उनका मानना है कि लोकतंत्र में सभी की आवाज को समान रूप से सम्मान मिलना चाहिए।

# देश को संवैधानिक मूल्यों को कुचलने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ने की जरूरत : सपकाल

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

कांग्रेस के महाराष्ट्र अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने डॉ. बीआर आंबेडकर की पुण्यतिथि पर दादर स्थित 'चैत्यभूमि' जाकर संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज देश को उन ताकतों के खिलाफ लड़ने की जरूरत है जो संवैधानिक मूल्यों को कुचलने का प्रयास कर रही हैं। सपकाल ने जोर देकर कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान आज भी राष्ट्र के मार्गदर्शन का स्रोत हैं। सपकाल ने याद दिलाया कि डॉ. आंबेडकर ने गुलामी और शोषण के खिलाफ समानता और न्याय का आह्वान किया। उन्होंने गरीबों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और संविधान के माध्यम से समाज में समानता के बीज बोए। सपकाल ने कहा कि आज भी संविधान की आकांक्षा के अनुरूप देश के निर्माण के लिए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा जरूरी है।

### स्मारकों के निर्माण में देरी पर सवाल



कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल उन्हीं परियोजनाओं को प्राथमिकता देती है जिनसे उन्हें बड़ा लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इंदु मिल में डॉ. आंबेडकर का स्मारक और समुद्र में शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने में जानबूझकर देरी की जा रही है। हालांकि, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि मुंबई के दादर में इंदु मिल में डॉ. आंबेडकर के भव्य स्मारक का निर्माण अगले साल 6 दिसंबर तक पूरा करने के लिए प्रयास जारी हैं।

### मेट्रो स्टेशनों और इंडिगो घटना पर सरकार पर निशाना

सपकाल ने मेट्रो स्टेशनों के नामकरण को लेकर भी विवाद खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेट्रो स्टेशनों के नाम उद्योगपतियों के नाम पर रखे गए हैं जो चुनावी बॉन्ड के जरिए सरकार को फंडिंग करते हैं। साथ ही, इंडिगो की उड़ानों में आई बाधा के संदर्भ में उन्होंने केंद्र सरकार की विफलता और लापरवाही पर निशाना साधा, कहा कि निजी कंपनियों को खुली छूट देने से यात्रियों का शोषण हो रहा है।

# तीन दुर्लभ पैलिड स्कॉप्स उल्लू रेस्क्यू

**मुंबई।** मुंबई में तीन दुर्लभ पैलिड स्कॉप्स उल्लुओं को अलग-अलग जगहों से बचाया गया है। वन विभाग और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों की निगरानी में तीनों का इलाज किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि स्वस्थ होने के बाद इन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।



वन्यजीव एनजीओ RAWW के संस्थापक पवन शर्मा ने बताया कि मुंबई में यह प्रजाति बेहद दुर्लभ है। पिछले 10 वर्षों में इसके केवल दर्जन भर बार ही दर्शन दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि तीनों उल्लुओं को खार, चेंबूर और RAWW के रिहैब क्लिनिक में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। शर्मा ने कहा वन विभाग के सहयोग से इन दुर्लभ उल्लुओं का इलाज और पुनर्वास किया जा रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने पर इन्हें जंगल में वापस छोड़ दिया जाएगा।

# संविधान नहीं, कांग्रेस खतरे में: अठावले

**मुंबई।** दिल्ली में संविधान को लेकर छिड़ी राजनीतिक बहस उस समय और तेज हो गई जब केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने राहुल गांधी के संविधान खतरे में वाले बयान पर सीधा हमला बोला। अठावले ने कहा कि देश का संविधान सुरक्षित है और किसी खतरे में नहीं, बल्कि असली खतरे में कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों को बिना आधार और तथ्यहीन बताया। अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान और ज्यादा मजबूत हो रहा है। उन्होंने साफ कहा कि राहुल गांधी जनता को गुमराह कर रहे हैं। यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने



दावा किया था कि हर भारतीय का संविधान खतरे में है। राहुल गांधी यह बात डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर श्रद्धांजलि देने के दौरान कही थी।

राहुल गांधी ने कहा था कि बाबा साहेब आंबेडकर ने देश को संविधान दिया और यही संविधान आज खतरे में है, इसलिए इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने एक्स पर भी पोस्ट कर कहा कि आंबेडकर के विचार उन्हें संविधान की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि देश में बराबरी, न्याय और गरिमा की भावना कमजोर की जा रही है।

### राहुल गांधी तथ्यहीन बातें कर रहे हैं: अठावले

अठावले ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार संविधान को लेकर डर फैलाते हैं, लेकिन उनके दावे सच्चाई पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को खतरा बताकर कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रही है। अठावले ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र मजबूत है और सभी संस्थाएं संविधान के तहत ही काम कर रही हैं। उनके अनुसार, कांग्रेस की लगातार हार और टूटते जनाधार के कारण ही राहुल गांधी ऐसे बयान देते हैं। राहुल गांधी और केंद्र सरकार के बीच संविधान को लेकर यह नई बहस आने वाले राजनीतिक समय को देखते हुए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पश्चिम रेलवे
किराना एवं कच्चे माल की आपूर्ति
जगजीवन राम अस्पताल (JRH), मुंबई सेंट्रल, मुंबई, पश्चिमी रेलवे **ई-टेंडर सूचना क्र.: JRHKitchen Grocery Revis-25, दिनांक 03/12/2025 आमंत्रित करते हैं।** **कार्य का नाम:** जगजीवन राम अस्पताल रसोई हेतु कच्चे माल/किराना सामग्री आपूर्ति अनुबंध – 03 वर्ष के लिए। **अनुमानित लागत:** 1,11,95,673/- (समस्त कर सहित) **ईएमडी:** 2,05,980/- **प्रस्तुति की अंतिम तिथि एवं समय:** 29.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विज़िट करें। 0874
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

ऑलराउंडर स्टाफ चाहिए:
होटल मधुरम फूड्स ,& Kitchen कांदिवली वेस्ट मुंबई,
कुक, हेल्पर, डिलीवरी बॉय।
रहना-खाना फ्री।
वेतन योग्यता अनुसार।
add-
Bhumipark Jankalyan Nagar
Malad west
संपर्क:
8433650469 / 7208888007

संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की मुहर

मतदाता सूचियों की शुद्धता व पारदर्शी चुनावों के लिये चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को जारी रखने का निर्देश देकर देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को राहत ही दी है। वहीं दूसरी ओर संसद से सड़क तक एसआईआर के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश में लगे विपक्ष को इस निर्णय से बैकफुट पर आना पड़ेगा। दरअसल, विपक्षी दल बिहार में शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार मुखर विरोध करते रहे हैं और मामला कई बार अदालत तक भी पहुंचा था। लेकिन बिहार में बहुत कम समय में यह काम पूरा हुआ और राज्य में नई सरकार भी चुन ली गई है। हालिया प्रक्रिया की कथित विसंगतियों के बाबत सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकारों के कर्मचारी एसआईआर व अन्य वैधानिक दायित्वों के निर्वहन के लिये बाध्य हैं। वहीं कोर्ट ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों पर काम का दबाव कम करने के लिए तुरंत कदम उठाएं। इसके लिये अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे कई बीएलओ के तनाव से मरने व आत्महत्या करने के समाचार आए थे। जिसके चलते चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिये आगे बढ़ाया था। वहीं दूसरी ओर अदालत ने स्पष्ट किया कि एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। यह भी कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास मतदाता सूचियों में पारदर्शिता लाने के लिये एसआईआर को अंजाम देने के संवैधानिक व कानूनी अधिकार हैं। साथ ही अदालत ने इस प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक लगाने से इनकार किया। इसके अलावा अदालत का कहना था कि यदि भविष्य में किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए जाएंगे। निस्संदेह, विगत में भी देश में समय-समय पर मतदाता सूचियों में पुनरीक्षण का कार्य होता रहा है। लेकिन यह कभी इतना बड़ा राजनीतिक विरोध का मुद्दा नहीं बना। बहरहाल, अदालत के इस आदेश के बाद विशेष गहन पुनरीक्षण को मुद्दा बनाकर विरोध करने वाले राजनीतिक दलों को झटका अवश्य लगा होगा। हालांकि, इससे पहले भी अदालत ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया था। साथ ही उससे जुड़ी विसंगतियों को दूर करने को जरूरी निर्देश अवश्य दिए थे। जहां तक बूथ लेवल अधिकारियों पर काम के दबाव का सवाल है तो निश्चित ही यह एक श्रम साध्य कार्य है। इस काम में लगे शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े दस्तावेजों के प्रमाणीकरण और शिकायतों के निवारण में खासी माथापच्ची करनी पड़ती है। इसलिए बीएलओ के काम के बोझ को कम करने का प्रयास करना बेहद जरूरी है। जिसके लिये कर्मचारियों की संख्या तुरंत बढ़ाने की जरूरत है, जिससे बीएलओ का काम का बोझ कम हो सके। उन्हें साप्ताहिक अवकाश लेने का अवसर मिल सके। निस्संदेह, सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन नियुक्त कर्मचारियों के लिये अपरिहार्य है। ऐसी ही जटिलता का सामना कर्मचारियों को जनगणना आदि कार्यक्रमों व स्वास्थ्य से जुड़े मिशनों में करना पड़ता है। घर-घर जाना और लोगों की तल्ख प्रतिक्रियाओं का भी सामना करना पड़ सकता है। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध कर रहे राजनीतिक दलों का भी दायित्व है कि वे अपने दल के बूथ स्तरीय अधिकारियों को बीएलओ की मदद करने को प्रेरित करें। महज सत्ता पक्ष की नीतियों के विरोध के लिये विरोध करना स्वस्थ लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता। विपक्ष को लोकतंत्र के हित में विरोध के साथ रचनात्मक सहयोग भी करना चाहिए। लोकतंत्र को संबल देने वाली विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल बनाने में जहां सरकारी कर्मचारियों की बड़ी भूमिका है, वहीं राजनीतिक दलों व आम नागरिकों के भी दायित्व हैं। नागरिकों को राष्ट्रीय कार्यों में नागरिक धर्म का भी निर्वाह करना चाहिए। आम लोगों की सजगता व सक्रियता बूथ लेवल अधिकारियों के बोझ को कुछ कम जरूर कर सकती है।

# धर्म मतलब सार्थक और निष्कलंक जीवन जीने की कला



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार



विश्व में कुछ ऐसे शब्द हैं, जिनके अर्थ को लेकर सबसे अधिक भ्रम, विवाद और मतभेद उत्पन्न हुए हैं। इन शब्दों में सबसे ऊपर है—"धर्म"। यह शब्द इतना व्यापक, बहु-स्तरीय और गूढ़ है कि इसकी व्याख्या करने वाला व्यक्ति अक्सर एक चरम से दूसरे चरम तक पहुँच जाता है। किसी ने धर्म को केवल आत्मा—परमात्मा से जोड़कर अध्यात्म की शिखर तक पहुँचा दिया, तो किसी ने इसे मात्र कर्मकांडों और बाहरी आडंबर तक सीमित कर दिया। समय के थपेड़ों के साथ धर्म पर इतनी परतें चढ़ती चली गईं कि इसके मूल, सरल, स्वाभाविक स्वरूप पर धूल जमती गई। परिणाम यह हुआ कि धर्म का वास्तविक अर्थ, जो मानव-कल्याण की जड़ में था, कहीं पीछे छूट गया। जैसे प्याज के छिलकों को उतारते-उतारते अंत में कुछ भी नहीं बचता, ठीक वैसे ही अनेक दार्शनिक, आध्यात्मिक, और संप्रदायिक व्याख्याओं ने धर्म के वास्तविक स्वरूप को लगभग विस्मृत-सा कर दिया। यही कारण है कि आज धर्म की अवधारणा के सामने विज्ञान जगत ने अनेक प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। क्योंकि हम धर्म को समझाने की प्रक्रिया में स्वयं उससे भटक गए हैं और उसकी सहजता खो चुके हैं।

धर्म की सूक्ष्म और परिष्कृत व्याख्याओं में कई प्रकार की विसंगतियाँ हैं। प्रत्येक संप्रदाय, प्रत्येक पंथ और प्रत्येक मत ने अपनी सुविधानुसार धर्म का अर्थ गढ़ लिया है। यही कारण है कि धर्म कभी एकरूप नहीं दिखाई देता। आज आवश्यकता इस बात की है कि ऐसी सार्वभौमिक, सर्वस्वीकार्य और सर्वहितकारी व्याख्याएँ सामने लाई जाएँ जिनमें मतभेद की गुंजाइश न हो। जिनमें मानव मात्र के कल्याण की भावना हो और जिनका उद्देश्य व्यक्ति को अधिक सज्जन, विवेकशील और उत्तरदायी बनाना हो। धर्म की यही सार्वभौमिक परिभाषाएँ मानव जाति को जोड़ सकती हैं, न कि विभाजित।

इन्हीं सार्वभौमिक परिभाषाओं में एक सबसे महत्वपूर्ण विचार है—धर्म को चरित्र-निर्माण की कला के रूप में समझना। यदि धर्म मनुष्य के चरित्र को ऊँचा उठाने, उसे बेहतर बनाने और उसके आचरण को शुद्ध करने में सहायक है, तो वही धर्म की सार्थकता है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को उच्च नैतिक जीवन, सत्य, ईमानदारी, करुणा, सहानुभूति, कर्तव्यनिष्ठा और सदाचार की राह दिखाना होना चाहिए। जब धर्म ऐसा करता है, तभी वह वास्तव में समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बन पाता है। यदि धर्म मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है, तभी वह पूजा-पाठ और मंत्रों से आगे जाकर जीवन को बदलने वाली शक्ति बनता है।

वास्तविकता यह है कि व्यक्ति चाहे किसी भी समाज, परिवार या राष्ट्र का अंग क्यों न हो, उसे अंततः एक शुद्ध, न्यायपूर्ण और सार्थक जीवन जीना ही पड़ता है। यदि वह ऐसा नहीं करेगा, तो समाज उसे असामाजिक, अविश्वसनीय और हानिकारक मानकर उससे दूरी बना लेगा। मनुष्य सामाजिक प्राणी है, और सामाजिक जीवन सम्मान, विश्वास और सहयोग पर चलता है। इसलिए हर व्यक्ति को अच्छा और निर्दोष जीवन जीना ही पड़ता है। अब यदि यही निर्दोषता धर्म की प्रेरणा से उत्पन्न हो, तो वह स्थायी, प्रभावी और व्यापक कल्याणकारी सिद्ध होती है। यही धर्म का रचनात्मक स्वरूप है, और इसी में उसका वास्तविक महत्व भी निहित है।

बहुत से लोग गलतफहमी में रहते हैं कि अनैतिकता, छल-कपट, बेईमानी और भ्रष्ट आचरण से वे जल्दी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन यह सोच स्वयं को धोखा देने के समान है। जैसे आग से खेलने पर हाथ जलना निश्चित है, वैसे ही अनैतिक जीवन से दुख, भय और अराजकता उत्पन्न होना भी निश्चित है। अनैतिकता एक ऐसी आग है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को भीतर से जलाती है। इसी अनैतिकता से पैदा होने वाला भ्रष्टाचार राष्ट्र को कमजोर करता है और उसकी प्रगति को रोकता है।

भारत इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। अनेक विकास योजनाएँ बनने के बावजूद गरीबी आज भी मौजूद है। इसका मुख्य कारण है—व्यापक भ्रष्टाचार। यहाँ छोटे से छोटे कार्य के लिए भी रिश्वत देनी पड़ती है। इस अनैतिक प्रणाली के कारण चाहे कितनी भी योजनाएँ बनाई जाएँ, वे परिणामकारी नहीं हो पातीं। राष्ट्र की ऊर्जा का बहुत बड़ा हिस्सा गलत दिशा में व्यर्थ हो जाता है। परिणामस्वरूप राष्ट्र आगे नहीं बढ़ पाता और आम जनता कष्ट झेलती रहती है।

यदि अनैतिकता से व्यक्ति को थोड़ी बहुत सफलता मिल भी जाए, तो वह सफलता सुखद नहीं होती। उसमें भय, असुरक्षा, तनाव और चिंता हमेशा साथ लगी रहती है। वह हमेशा पकड़े जाने, बदनाम होने और सबकुछ खो देने के डर में जीता है। इसके विपरीत नैतिक आचरण व्यक्ति को स्थायी शांति, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन देता है। नैतिकता की सुगंध धीरे-धीरे पूरे व्यक्तित्व में फैलती है और जीवन को संतुलित, शांत और सुंदर बनाती है। सत्य पर आधारित जीवन कभी भयभीत नहीं होता, क्योंकि उसे किसी छिपी हुई गलती का डर नहीं रहता।

अंततः नैतिकता और अनैतिकता दोनों का मूल मनुष्य की आंतरिक निष्ठा है। मनुष्य अपने भीतर जिस गुण, विचार या प्रवृत्ति को महत्व देता है, वही उसके जीवन में प्रकट होती है। यदि वह अधर्म के प्रति निष्ठावान है, तो वह अवश्य ही पतन की ओर जाएगा। इसलिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता यह है कि मनुष्य अपनी निष्ठा को सही दिशा में स्थापित करे। यही धर्म का वास्तविक स्वरूप है—मनुष्य को ऐसी प्रेरणा देना, जो उसे सत्य, नैतिकता, कर्तव्य और सदाचार की ओर ले जाए। यही मानव जीवन का वास्तविक धर्म है, और यही समाज और राष्ट्र के लिए सर्वोत्तम योगदान भी।

जीवन मंत्र

# कला का लक्ष्य लोकप्रिय होना नहीं, सच्चा होना चाहिए

जिन रचनाओं में ईमानदारी, मौलिकता और भावनाओं की गहराई होती है, वे स्वाभाविक रूप से लोगों के हृदय तक पहुँच जाती हैं। लोकप्रियता क्षणिक हो सकती है, लेकिन सच्ची कला समय की कसौटी पर खरी उतरती है और पीढ़ियों तक याद रखी जाती है।

कला का वास्तविक उद्देश्य भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करना होता है, न कि लोगों को प्रभावित करने या भीड़ में लोकप्रिय बनने का। जब कलाकार किसी रचना को केवल अपने मन की सच्चाई और संवेदनाओं से बनाता है, तभी उसकी कला में वह स्वाभाविकता और गहराई आती है जो दिल को छूती है। इसलिए कला को लोकप्रियता का पीछा नहीं करना चाहिए, क्योंकि लोकप्रियता की चाह अक्सर रचनात्मक स्वतंत्रता को सीमित कर देती है।

लोकप्रिय बनने की कोशिश करने वाला कलाकार अपनी कलात्मक ईमानदारी से भटक सकता है। वह उस दिशा में काम करने लगता है जिसे वह सोचता है कि लोग पसंद करेंगे, न कि जो उसकी आत्मा व्यक्त करना चाहती है। परिणामस्वरूप कला में कृत्रिमता बढ़ जाती है और उसका मूल सौंदर्य कम हो जाता है। सच्ची कला का मूल्य इसी में है कि वह बिना किसी दिखावे के कलाकार के भीतर की सच्चाई को उजागर कर सके।



इतिहास बताता है कि महान कलाकृतियाँ कभी लोकप्रियता के लिए नहीं बनाई गईं; उन्होंने समय के साथ स्वयं अपना स्थान बनाया। जिन रचनाओं में ईमानदारी, मौलिकता और भावनाओं की गहराई होती है, वे स्वाभाविक रूप से लोगों के हृदय तक पहुँच जाती हैं। लोकप्रियता क्षणिक हो सकती है, लेकिन सच्ची कला समय की कसौटी पर खरी उतरती है और पीढ़ियों तक याद रखी जाती है।

जब कलाकार लोकप्रिय होने के दबाव में काम करता है, तो उसके भीतर का नवाचार भी प्रभावित होता है। वह नए प्रयोग करने से डरने लगता है और भीड़ की पसंद का अनुसरण करने लगता है। इससे कला का दायरा सीमित हो जाता है। जबकि कला का सबसे बड़ा गुण उसकी स्वतंत्रता, नवाचार और साहसिक अभिव्यक्ति में होता है। बिना इन गुणों के कला अपने मूल स्वरूप को खो सकती है।

कला तब सबसे प्रभावशाली बनती है जब वह बिना किसी मजबूरी, गणना या डर के सृजित की जाती है। जब कलाकार केवल अपनी संवेदनाओं, अनुभवों और विचारों के आधार पर काम करता है, तभी रचना में वह प्रामाणिकता आती है जो सीधे दर्शकों तक पहुँचती है।

शख्सियत | पुरव राजा

## समर्पण और सफलता का प्रतीक



पुरव राजा, भारतीय टेनिस के एक प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपनी युगल और मिश्रित युगल श्रेणियों में अपनी शानदार उपलब्धियों से भारतीय टेनिस को गौरव प्रदान किया है। वे 7 दिसंबर 1985 को मुंबई में जन्मे थे और आज एक प्रमुख भारतीय टेनिस खिलाड़ी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। पुरव राजा की टेनिस यात्रा एक युवा खिलाड़ी के रूप में शुरू हुई थी, और उन्होंने कम उम्र में ही अपनी टेनिस के प्रति गहरी रुचि और समर्पण को दिखाना शुरू कर दिया था।

पुरव राजा भारतीय टेनिस जगत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने युगल टेनिस में अपनी विशेष पहचान बनाई। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत युगल मुकाबलों से की और शुरुआत से ही अपने खेल में निरंतर सुधार पर ध्यान दिया। बेहतर प्रशिक्षण के लिए वे भारत के विभिन्न शहरों में कोचिंग लेते रहे, साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों में भी हिस्सा लिया। वहां उन्होंने आधुनिक तकनीकों और विश्व स्तरीय कोचिंग का अनुभव हासिल किया, जिसने उनके खेल को नई दिशा दी। उनकी खेल शैली में आक्रामकता, तेजी और बेहतरीन तकनीक का समन्वय देखने को मिलता है। विशेष रूप से उनका मजबूत सर्व, नेट पर फुर्ती और सटीक ग्राउंडशॉट्स उन्हें किसी भी मुकाबले में एक कठिन प्रतिद्वंद्वी बनाते हैं।

अपने करियर के दौरान पुरव राजा ने कई बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 2015 का वर्ष उनके लिए ऐतिहासिक रहा, जब उन्होंने एटीपी युगल रैंकिंग में टॉप 100 में जगह बनाई। यह उपलब्धि भारतीय टेनिस के लिए गर्व का पल थी। उन्होंने कई एटीपी और चैलेंजर टूर्नामेंट्स में खिताब जीते, जिनमें विभिन्न खिलाड़ियों के साथ उनकी साझेदारी और तालमेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चाहे तेज़ गति वाले इंडोर कोर्ट हों या क्ले कोर्ट, पुरव ने हर सतह पर अपने खेल का कौशल साबित किया। उनकी निरंतरता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति ने भारतीय टेनिस को एक मजबूत पहचान दिलाई।

पुरव की उपलब्धियाँ सिर्फ ट्रॉफियों तक सीमित नहीं हैं; वे भारतीय टेनिस में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में भी उभरे हैं। उनका सफर यह दिखाता है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी खिलाड़ी के लिए दुनिया की ऊँचाइयाँ हासिल करना संभव है। उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है, मार्गदर्शन दिया है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया है। कई उभरते खिलाड़ी पुरव राजा को अपना रोल मॉडल मानते हैं।

उनकी मानसिक दृढ़ता, फिटनेस पर ध्यान और पेशेवर दृष्टिकोण ने उन्हें लम्बे समय तक प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद की। अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वर्षों तक खेलते हुए उन्होंने भारत के लिए कई अहम मुकाबलों में योगदान दिया। देश के लिए खेलते समय उन्होंने हमेशा यह दिखाया कि भारतीय खिलाड़ी भी वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

जीवन ऊर्जा

एंड्र्यू कुओमो का जन्म 6 दिसंबर, 1957 को हुआ था और वे 2011 से 2021 तक न्यूयॉर्क के गवर्नर रहे। उन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान उनके नेतृत्व और प्रगतिशील नीतियों पर उनके ध्यान के लिए जाना जाता है। कुओमो ने कदाचार के आरोपों के बीच 24 अगस्त, 2021 को गवर्नर के पद से इस्तीफ़ा दे दिया।

नोम चोम्स्की: जन्म- 7 दिसंबर, 1928 | जन्म

## आशावाद एक बेहतर भविष्य बनाने की रणनीति है

जीवन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप जिस पर विश्वास करते हैं, उसके लिए खड़े हों। अगर हम उन लोगों के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास नहीं करते हैं, जिनसे हम घृणा करते हैं, तो हम इसमें बिल्कुल भी विश्वास नहीं करते हैं। आशावाद एक बेहतर भविष्य बनाने की रणनीति है। क्योंकि जब तक आप यह विश्वास नहीं करते कि भविष्य बेहतर हो सकता है, तब तक आप इसे बेहतर बनाने के लिए आगे नहीं आएंगे और इसकी जिम्मेदारी नहीं लेंगे। सच बोलना और झूठ को उजागर करना बुद्धिजीवियों की जिम्मेदारी है। समाज कैसे काम करता है, इसके मूल सिद्धांतों को समझने के लिए आपको प्रतिभाशाली होने की आवश्यकता नहीं है। आम जनता नहीं जानती कि क्या हो रहा है, और यह भी नहीं जानती कि उसे पता नहीं है। किसी भी नेता का प्राथमिक कार्य यह सुनिश्चित करना है कि सत्ता की व्यवस्थाएँ बनी रहें, चाहे वे कितनी भी हानिकारक क्यों न हों। परिवर्तन जीवन का नियम है। लेकिन सावधान रहें, आप खुद को बदले बिना दुनिया को नहीं बदल सकते। जो लोग सोचते हैं कि दुनिया को बदला नहीं जा सकता, वे अतीत में ही अटके हुए हैं। ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। हमें इस पर काम करने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनौतियों की विशालता से अभिभूत न हों, बल्कि छोटे, विशिष्ट कार्यों में संलग्न हों जो अंतर ला सकते हैं।



यदि आप कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त रूप से चिंतित हैं, तो आप दुनिया में बदलाव लाने में मदद नहीं कर सकते। हर बार जब हम कोई निर्णय लेते हैं, तो हम वह भविष्य चुन रहे होते हैं जिसे हम बनाना चाहते हैं। आपको अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त साहसी होना चाहिए, भले ही आप अकेले खड़े हों। ज्ञान का सबसे बड़ा दुश्मन अज्ञानता नहीं है, बल्कि ज्ञान का भ्रम है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




## ईश्वर का चरण पकड़कर ही व्यक्ति सच्ची शांति पा सकता है

ऐसी अनुभूति होने लगी कि जो कुछ है, सब ब्रह्म ही है, ब्रह्म से भिन्न कुछ है ही नहीं, तब वह अभिमान न रह करके अभिमान की श्रेष्टतम परिणति है अर्थात् ब्रह्म से एकत्व हो गया। यदि कोई अभिमान न छोड़ सके तो उससे कहना चाहिए कि तुम अभिमान को और बढ़ाओ, बढ़ाते-बढ़ाते इतना बढ़ाओ कि फिर और बढ़ाने की गुंजाइश न रह जाय। बालि ने यही किया और अंगद को बुलाकर कितनी बढ़िया बात कही कि प्रभु! आप जरा इसका हाथ पकड़ लीजिए। प्रभु ने कहा कि तुम बड़ी विचित्र बात कह रहे हो, यदि तुम अंगद से यह कहते कि मेरे चरण पकड़ो, तब तो परम्परा के अनुकूल बात होती। तुम अंगद को प्रणाम करना क्यों नहीं सिखा रहे हो? बालि ने बहुत बढ़िया बात कही कि महाराज! अंगद के द्वारा आपके चरण पकड़ने में और आपके द्वारा अंगद का हाथ पकड़ने में एक बहुत बड़ा अन्तर है। यदि अंगद पैर पकड़ेगा तो कभी छोड़ भी सकता है, पर यदि आप ही अंगद का हाथ पकड़ लें तो फिर छूटने की संभावना ही नहीं। जीव ईश्वर को पकड़े, यह भी एक भक्ति है, लेकिन यदि ईश्वर ही जीव को पकड़ ले तो इससे बढ़कर जीव का सौभाग्य नहीं हो सकता। भगवान ने अंगद की भुजा पकड़ ली। दोनों में अन्तर दिखाई पड़ा। बालि जब भी किसी को हराता तो उसको इस बात की बेचैनी हो जाती थी कि उसकी विजय को कैसे दूसरे लोग देखें? यह भी अभिमान की भावना है। अभिमानी चाहता है कि उसकी जीत को सब लोग देखें। रावण को हराने के बाद बालि ने रावण को बगल में दबा लिया और छह महीने तक घूमता रहा कि यह



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



देख लो, मेरी विजय का प्रमाण-पत्र और अंगद कितना विनयी है कि जब रावण सचमुच हारने ही वाला था, तब अंगद ने अपने पैर को रावण द्वारा हटाने की चेष्टा करने से रोक दिया और तुरन्त कहा - गहत चरन कह बालिकुमारा।

**मम पद गहें न तोर उबारा।।**
**गहसि न राम चरन सठ जाई।**
**सुनत फिरा मन अति सकुचाई।।**

यही बालि और अंगद का अंतर है। अंगद को तनिक भी इच्छा नहीं हुई कि रावण के सभासद या संसार के लोग यह माने कि अंगद ने रावण से अपना पैर पकड़वा लिया, अपितु उनके अन्तःकरण में भी हनुमानजी की ही भाँति यही भावना आयी कि यदि तुम्हें सीताजी को प्राप्त करना है तो उसका उचित माध्यम मैं नहीं हूं, अपितु प्रभु श्रीराम हैं। उन्होंने रावण से यही कहा कि तुम शान्तिरूपा सीता को पाना चाहते हो और शान्ति को भी बन्दर के चरण पकड़कर पाना चाहते हो! इससे बढ़कर मूर्खता और क्या होगी? ईश्वर का चरण पकड़कर ही व्यक्ति जीवन में सच्ची शान्ति पा सकता है, अंगद यही बताना चाहते हैं। जब हनुमानजी सीताजी की खोज के लिए लंका में गये तो उसका भी अर्थ यही है कि भगवत चरणों का आश्रय ग्रहण करके ही व्यक्ति शान्ति प्राप्त कर सकता है। दोनों में, अंगद और हनुमानजी की लंका यात्रा में यही मूल तत्व सामने आता है।

## अपने विचार

जिस सोच ने कभी महात्मा गांधी की हत्या का माहौल बनाया था, वही आज सत्ता प्रतिष्ठानों तक पहुंच चुकी है। इस विचारधारा के अनुयायी ना सिर्फ गांधी के हत्यारों को महिमामंडन करते हैं, बल्कि भारत की मूल भावना, संविधान और संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं।



-सोनिया गांधी,
अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल

यह घटना पूरी तरह से वोट बैंक राजनीति का हिस्सा है।TMC चुनावों के मद्देनजर साम्प्रदायिक माहौल को भड़काने की कोशिश कर रही है और कबीर को 'फ्रीलांसर' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।



-दिलीप घोष,
वरिष्ठ नेता, भाजपा पश्चिम बंगाल

बिहार में विपक्ष की इतनी बड़ी हार हुई। किसी भी एक वोटर ने शिकायत नहीं की, कि हमारा नाम गलत कटा या हमको वोट देने नहीं दिया गया। कांग्रेस कुछ तो शर्म करे, इतनी बड़ी हार हुई है, फिर भी यहां खड़े हो। चुनाव आयोग ईमानदारी से काम कर रहा है।



-रविशंकर प्रसाद,
वरिष्ठ नेता, भाजपा

कई बार अधिकारियों की लापरवाही से अतिक्रमण होता है और बाद में अदालत के आदेश पर उसे हटाया जाता है, जिससे गरीब जनता परेशान होती है। अतिक्रमण रोकने और मुक्त कराने की संयुक्त जिम्मेदारी तय हो।



-विजय सिन्हा,
डिप्टी सीएम, बिहार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### बाबासाहेब आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**भिवंडी।** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भिवंडी महानगरपालिका मुख्यालय परिसर में उनकी पूर्ण प्रतिमा पर मनपा उपायुक्त विक्रम दराडे और पूर्व सदन नेता विकास निकम ने पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में मुख्यालय भवन के भूतल व पुराने मुख्यालय के पास स्थित अर्ध प्रतिमा पर भी अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर, सहायक आयुक्त अजीत महाडीक, वार्ड अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, विद्युत एवं वाहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा पूर्व नगरसेवक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर आंबेडकर को पुष्पहार अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**डोंबिवली।** महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका ने आज भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को नमन किया। शहर के विभिन्न स्थलों पर उनकी प्रतिमा व पूर्णाकृति पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. आंबेडकर उद्यान में महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसी तरह मुख्यालय, डोंबिवली विभागीय कार्यालय और विभिन्न प्रभागों में भी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। महापालिका मुख्यालय से लेकर प्रभाग स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में अति. आयुक्त, उपायुक्त, विभागीय अधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

### ठाणे मनपा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का समारोह

**ठाणे।** महानगरपालिका के वार्ड क्रमांक 4 में भाजपा शहर जिला उपाध्यक्ष रमेश आम्ब्रे द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के योगदान को देखते हुए उनके सहयोगी लक्ष्मण काशिद और लोकिक पाटिल के साथ मानपाड़ा स्थित होटल रंगाला पंजाब में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में



पूर्व स्थानीय नगरसेविका स्नेहा आम्ब्रे ने दोबारा चुनाव लड़ने और जनसेवा जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता डॉ. संजीव कुमार धामणे ने भी वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। वे वर्तमान में सेंटरटेक पीएमसी प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन एवं एमडी हैं।

# मध्य रेल ने विशेष ट्रेन सेवाओं की योजना बनाई




**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

ट्रेन सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए मध्य रेलवे ने त्योहारों, ग्रीष्म और शीतकालीन अवकाश के लिए "ट्रेन ऑन डिमांड" विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। इन ट्रेनों का उद्देश्य भीड़ के समय यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराना है। विभिन्न राज्यों के बीच तेज़ और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों के अधिक मांग वाले रूटों पर इन्हें चलाया जा रहा है।

### नागपुर-सीएसएमटी रूट पर दो सेवाएँ

नागपुर से सीएसएमटी और सीएसएमटी से नागपुर के लिए क्रमश: 6 और 7 दिसंबर को विशेष ट्रेनें रवाना हो चुकी हैं। इनमें वर्धा, जलगाँव से लेकर ठाणे और दादर तक कई महत्वपूर्ण ठहराव शामिल हैं। कुल 18 ICF कोच लगाए गए हैं, जिनमें 4 एसी 2-टियर, 12 एसी 3-टियर और 2 जनरल ब्रेक वैन हैं।

### मुंबई–दिल्ली रूट पर भी दो सेवाएँ शुरू

सीएसएमटी से हजरत निजामुद्दीन के लिए भी 6 और 7 दिसंबर को दो विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। ये ट्रेनें दादर, वडोदरा, कोटा और मथुरा जैसे प्रमुख जंक्शनों पर रुकेंगी। 22 LHB कोच वाली इन ट्रेनों में सभी श्रेणियों के डिब्बे जोड़े गए हैं।

### त्योहार और छुट्टियों में यात्रियों के लिए 'ट्रेन ऑन डिमांड' सेवा

### देशभर के प्रमुख शहरों को जोड़ा जाएगा

इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से मडगाँव, नागपुर, बेंगलुरु, हजरत निजामुद्दीन, हैदराबाद, गोरखपुर, हावड़ा, सियालदह और बिलासपुर जैसे प्रमुख शहरों तक सीधी सेवा उपलब्ध होगी। इसका उद्देश्य भीड़ को कम करना और राज्यों के बीच यातायात को सुगम बनाना है।

### हर यात्री वर्ग के लिए अलग कोच सुविधा

इन ट्रेन सेवाओं में एसी फर्स्ट क्लास, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल कोच शामिल किए जा रहे हैं, ताकि हर श्रेणी का यात्री अपनी आवश्यकता और बजट के अनुसार यात्रा कर सके।

### बेंगलुरु और मडगाँव के लिए विशेष ट्रेनें

पुणे-बेंगलुरु और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मडगाँव के लिए भी विशेष सेवाएँ चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों में अधिकतर एलएचबी कोच शामिल हैं और ठाणे, पनवेल, रत्नागिरी से होते हुए गोवा तक सीधी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### हैदराबाद, हावड़ा और सियालदह के लिए डायरेक्ट कनेक्टिविटी

हैदराबाद और हावड़ा के लिए भी लोकमान्य तिलक टर्मिनस से डायरेक्ट ट्रेनें चलाई गई हैं। इन ट्रेनों में 17 से 21 तक एलएचबी कोच लगाए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव के साथ महाराष्ट्र, कर्नाटक और पूर्वी राज्यों तक यात्रियों को सुगम यात्रा मिलेगी।

### गोरखपुर और बिलासपुर के लिए भी सेवाएँ घोषित

इसके अलावा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के लिए भी विशेष ट्रेनें 9 और 12 दिसंबर को रवाना होंगी। ये ट्रेनें पूरे मार्ग में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकते हुए यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेंगी।

# सोलापुर मंडल के स्टेशनों से होकर पुणे-बेंगलुरु के बीच विशेष ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता । सोलापुर**

यात्रियों की मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने पुणे और बेंगलुरु के बीच अतिरिक्त ट्रेनों की घोषणा की है। इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य छुट्टियों व त्योहारी सीजन में बढ़ रही भीड़ को नियंत्रित करना है। सोलापुर मंडल से होकर गुजरने वाली ये रेल सेवाएं सीमित अवधि के लिए चलाई जाएंगी। 6 और 7 दिसंबर को चलने वाली दोनों ट्रेनों का संचालन केएसआर बेंगलुरु और पुणे जंक्शन के बीच होगा।

### 06 और 07 दिसंबर को दो विशेष ट्रेनें

ट्रेन संख्या 01413 पुणे-बेंगलुरु स्पेशल 6 दिसंबर को शाम 7 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर केएसआर बेंगलुरु पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 01414 बेंगलुरु-पुणे स्पेशल 7 दिसंबर को दोपहर एक बजे बेंगलुरु से छूटकर अगले दिन सुबह 5 बजे पुणे पहुंचेगी। इन ट्रेनों का ठहराव दौंड, सोलापुर, कलबुर्गी, वाडी, गुंतकल, धर्मावरम, येलहंका और बेंगलुरु छावनी में रहेगा तथा कुल 18 डिब्बों के साथ संचालन होगा।



### 7 व 8 दिसंबर को दूसरी जोड़ी चलेगी

इसी तरह ट्रेन संख्या 06263 बेंगलुरु-पुणे स्पेशल 7 दिसंबर को शाम 7:30 बजे बेंगलुरु से निकलेगी और 8 दिसंबर दोपहर 2:30 बजे पुणे पहुंचेगी। जबकि 06264 पुणे-बेंगलुरु स्पेशल 8 दिसंबर को दोपहर 3:30 बजे पुणे से चलकर अगले दिन सुबह 9:30 बजे बेंगलुरु छावनी पहुंचेगी। इन ट्रेनों में स्लीपर, एसी और सामान्य श्रेणी सहित कुल 17 कोच लगाए जाएंगे।

### कई स्टेशनों पर रहेगा ठहराव

दूसरी जोड़ी ट्रेनों का ठहराव दौंड, कुर्दुवाड़ी, सोलापुर, कलबुर्गी, शाहबाद, यादगीर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनी, गुंतकल, अनंतपुर, धर्मावरम, येलहंका और बेंगलुरु छावनी में होगा। रेलवे ने यात्रियों से सुझाव दिया है कि यात्रा की योजना बनाते समय समय-सारणी और ठहराव की जानकारी की पुष्टि अवश्य कर लें।

# मध्य रेल ने यात्रियों के लिए 14 विशेष ट्रेनें घोषित कीं

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए मध्य रेल ने विभिन्न त्योहारों और शीतकालीन अवकाश के दौरान 14 "ट्रेन ऑन डिमांड" सेवाएँ शुरू करने की घोषणा की है। इन ट्रेनों का उद्देश्य प्रमुख शहरों के बीच यात्रा को सुविधाजनक और तेज़ बनाना है। यात्रियों की सुविधा के लिए यह विशेष सेवाएँ मडगाँव, नागपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, गोरखपुर और हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) के बीच चलाई जाएँगी।

### कई प्रमुख मार्गों पर चलेंगी विशेष सेवाएँ

घोषणा के अनुसार, लोकमान्य तिलक टर्मिनस–लखनऊ (6 दिसंबर 2025), सीएसएमटी–हजरत निजामुद्दीन (6 दिसंबर), पुणे–बेंगलुरु (6 दिसंबर), नागपुर–सीएसएमटी (6 दिसंबर), सीएसएमटी–नागपुर (7 दिसंबर), लोकमान्य तिलक टर्मिनस–मडगाँव (7 दिसंबर) और लोकमान्य तिलक टर्मिनस–हैदराबाद (7 दिसंबर) सहित कई मार्गों पर विशेष ट्रेनें चलाई जाएँगी। इसके अलावा, पुणे से हजरत निजामुद्दीन के लिए भी 7 दिसंबर को ट्रेन रवाना होगी।

### सभी वर्गों के लिए कोचों की व्यवस्था

इन विशेष ट्रेनों में एसी फर्स्ट क्लास, एसी टू-टियर, एसी थ्री-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास सहित सभी श्रेणियों के कोच उपलब्ध रहेंगे, जिससे हर वर्ग के यात्री अपनी जरूरत और बजट के अनुसार यात्रा कर सकेंगे।

### आगे भी बढ़ाई जा सकती हैं सेवाएँ

मध्य रेल ने बताया कि यात्रियों की आवश्यकता और भीड़ को ध्यान में रखते हुए आगे और विशेष ट्रेनें चलाने की योजना भी बनाई जा रही है। इससे त्योहारों और छुट्टियों के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प प्राप्त होंगे और भीड़भाड़ से भी राहत मिलेगी।

### दो महिलाएं भारत टूर पर ठाणे पहुंची

**ठाणे।** नागपुर की दो महिलाएं डॉ. अंशुजा किम्मटकर (डॉक्टर, राइटर और लिम्का रिकॉर्ड होल्डर) और मिसेज लक्ष्मी मथारे (एंटरप्रेन्योर एवं सोशल एक्टिविस्ट) कार से पूरे देश का दौरा कर रही हैं। दोनों महिलाएं 'भारतचा रंग- नारी ची संग' मिशन के अंतर्गत 1 अक्टूबर को ज़ीरो माइल से निकलीं थीं और अब तक लगभग 24,000 किमी की यात्रा कर चुकी हैं। इनके इस सफर के तीन उद्देश्य हैं महिला सशक्तिकरण, हिम्मत को बढ़ावा देना और भारत की विविधता का सम्मान करना।

# कमला नेहरु नगर निवासियों की पानी की समस्या हुई हल

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर प्रभाग-1 के धोबीघाट और कमला नेहरू नगर परिसर में लंबे समय से जारी जलापूर्ति समस्या का अंततः समाधान हो गया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के महानगर संगठक मैनुद्दीन भाई शेख और पदाधिकारियों के निरंतर प्रयासों के कारण मनसे ने समस्या को बार-बार उठाया, जिसके बाद जलापूर्ति विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आपूर्ति बहाल की।



समाधान में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकारी अभियंता घुले, कनिष्ठ अभियंता दीपक ढोले और उनके सहयोगियों का महिलाओं ने महानगरपालिका कार्यालय में सम्मान कर लड्डू खिलाकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मनसे पदाधिकारी, सैनिक और बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं।

# 'बांग्लादेशी घुसपैठियों के जन्म प्रमाणपत्र घोटाला' पुस्तिका का विमोचन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के हाथों शनिवार को पूर्व सांसद किरीट सोमैया की पुस्तिका 'बांग्लादेशी घुसपैठियों के जन्म प्रमाणपत्र घोटाला' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढा, वरिष्ठ नेता मधु चव्हाण, राज पुरोहित और पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। चव्हाण ने कहा कि सोमैया ने राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से जुड़े इस कथित घोटाले को संघर्ष और खोज के माध्यम से सामने लाया है।




### राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी सामने आए

कार्यक्रम के दौरान किरीट सोमैया ने नगर निगम चुनावों का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तीखा कटाक्ष किया और अवैध गतिविधियों पर नरमी बरतने के आरोप लगाए। दूसरी ओर मंत्री मंगलप्रभात लोढा ने भी इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए जांच और कार्रवाई जारी रखने की बात कही। अधिकारियों और राजनीतिक प्रतिनिधियों ने इसे संवेदनशील मुद्दा बताते हुए आगे और जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मुद्दा अब जन आंदोलन बने: चव्हाण

उद्घाटन समारोह में रविंद्र चव्हाण ने कहा कि किरीट सोमैया ने बालासाहेब ठाकरे द्वारा उठाए गए बांग्लादेशी–रोहिंग्या मुद्दे को आगे बढ़ाने का काम किया है। उनके अनुसार, राज्य में बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध रूप से जन्म प्रमाणपत्र हासिल किए, जिनके संबंध में प्रमाणों के आधार पर कार्रवाई की गई और कई मामले दर्ज हुए। चव्हाण ने कहा कि इस काम को जनआंदोलन का रूप देकर सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर सहयोग करना चाहिए।

### फर्जी प्रमाणपत्र निरस्त किए गए: सोमैया

डॉ. किरीट सोमैया ने कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2024 के अंत में दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर पिछले महीनों में बड़ी संख्या में जन्म प्रमाणपत्रों की जांच हुई है और कई संदिग्ध प्रमाणपत्र रद्द किए गए हैं। उनके अनुसार, मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों में अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने दावा किया कि आगे मुंबई को अवैध गतिविधियों से मुक्त करने की दिशा में अभियान जारी रहेगा।

### कोंकण कप स्टेट लेवल ओपन वन-एक्ट प्ले का भव्य फ़ाइनल



**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र को कलाकारों की राजधानी कहा जाता है और कोंकण प्रांत ने भी राज्य और देश को बेहतरीन कलाकार दिए हैं। विधायक संजय केलकर ने कहा कि कोंकण कप प्रतियोगिता ने कई कलाकारों को सही पहचान और प्लेटफ़ॉर्म दिया है। इस प्रतियोगिता का फ़ाइनल राउंड ठाणे के डॉ. काशीनाथ घनेकर मिनी थिएटर में आयोजित किया गया, जिसमें ठाणे शहर विधायक संजय केलकर ने पुरस्कार वितरण समारोह में कलाकारों और दर्शकों को संबोधित किया।

#### प्रतियोगिता की विशेषताएँ और उद्देश्य

बीजेपी विधायक केलकर ने बताया कि यह कॉम्पिटिशन अपने 19वें वर्ष में है और अब तक कई कलाकारों ने राज्य और देश के मंचों पर पहचान बनाई है। यह प्रतियोगिता सिर्फ़ एक्टर्स के लिए ही नहीं बल्कि बैकस्टेज कलाकारों के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई है। केलकर ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान कलाकारों को प्रशिक्षण देना भी जरूरी है। इस अवसर पर कोंकण मराठी साहित्य परिषद के वर्किंग प्रेसिडेंट प्रो. प्रदीप धवल और कोऑर्डिनेटर प्रो. मंदार टिल्लू भी मंच पर उपस्थित थे।

### संशय ही सभी दुखों और भय का कारण है : स्वामी नारायणानंद तीर्थ

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

संशय के कारण ही मनुष्य भयाक्रांत रहता है और दुख सहने पर विवश हो जाता है।इस भय से मुक्ति के लिए श्रद्धा और विश्वास परम आवश्यक है। श्रद्धा और विश्वास हमारे हृदय में तपस्या के बीज बोने का कार्य करता है। ज्ञान प्राप्ति हेतु सत्य और तपस्या की आवश्यकता होती है। राजा परीक्षित की कथा शाप से वैमनस्य नहीं, बल्कि वैराग्य का मार्ग दिखाती है। मनुष्य को भयंकर से भयंकर समय में भी मनोवृत्ति को ईश्वर से जोड़ना चाहिए। प्रत्येक परिस्थिति में हमें धैर्य को नहीं छोड़ना चाहिए। किसी भी परिस्थिति और मजबूरी में बच्चों, स्त्रियों और संतों की हत्या नहीं करनी चाहिए न ही होने देनी चाहिए। आज की विद्यालयीन शिक्षा से अविद्या और अज्ञान दूर नहीं हो सकता, उसके लिए आध्यात्मिक शिक्षा की आवश्यकता होती है।सनातन का मूल है भेद से मुक्ति और अभेद की स्थिति पैदा करना। हम राग द्वेष से मुक्त हों यही धारणा होनी आवश्यक है। उपरोक्त बातें स्वामी शंकराचार्य नारायणानंद तीर्थ जी ने नालासोपारा पूर्व में नवदुर्गा मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कही।






## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष** किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**मिथुन** ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**कर्क** किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**सिंह** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं।

**वृश्चिक** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

**धनु** मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**मकर** आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**कुंभ** व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।


**मीन** काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

## संकेतों की दुनिया : शकुन-अपशकुन की अनकही परंपरा

भारतीय संस्कृति में संकेतों का हमेशा से विशेष महत्व रहा है। हमारे पूर्वज मानते थे कि जीवन में अचानक घटने वाली छोटी-सी घटनाएं भी आने वाले भविष्य की ओर इशारा कर सकती हैं। यही कारण है कि शकुन और अपशकुन की परंपरा ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों के विश्वास और अनुभवों में अपनी गहरी जगह बनाई। कहा जाता है कि यदि कोई घटना एक बार घटे तो वह सामान्य मानी जा सकती है, लेकिन वही संकेत यदि बार-बार दिखाई दे, तो उसे आने वाली परिस्थितियों का सच्चा दर्पण समझा जाता है।

भारतीय समाज में देवी-देवताओं से जुड़े स्वप्न और दर्शन को अक्सर शकुन-अपशकुन की श्रेणी में नहीं रखा गया। विद्वानों का कहना है कि ऐसे दर्शन वास्तव में मन की भावनाओं और आस्था का ही प्रतिबिंब होते हैं। जैसे—किसी शिवभक्त को सपने में शिवलिंग या शिव मंदिर दिखना इस बात का प्रमाण है कि








**प्रियंका जैन**
**9769994439**

उसके हृदय में शिव के प्रति गहरी भक्ति और विश्वास विद्यमान है। यह संकेत किसी अनिष्ट या लाभ का नहीं, बल्कि भक्त के मन की गहराई का दर्पण होता है।

समय के साथ लोक-जीवन में कुछ घटनाओं को शुभ और कुछ को अशुभ मानने की परंपरा ने जन्म लिया। उदाहरण के तौर पर यदि अचानक दर्पण गिर जाए या टूट जाए तो इसे आने वाली बाधा का संकेत माना गया। वहीं यदि किसी यात्री को यात्रा के आरंभ में शव, मछली या पान का पत्ता दिख जाए, तो इसे यात्रा की सफलता का सूचक समझा जाता है। इसके विपरीत यदि सफर की शुरुआत में दूध या खाली बर्तन दिख जाए तो इसे अशुभ माना गया और समझा गया कि यात्रा बीच में ही रुक जाएगी या रद्द करनी पड़ सकती है। इन संकेतों का प्रभाव केवल यात्राओं या बाहरी परिस्थितियों तक सीमित नहीं रहा। कई बार दैनिक जीवन की छोटी-सी गलती भी शकुन का रूप ले लेती है। जैसे—यदि कोई व्यक्ति गलती से शर्ट के बटन उलटे लगा ले, तो इसे असफलता का संकेत माना गया। लेकिन यदि राह चलते किसी को अचानक हेयरपिन, बटन या रुमाल मिल जाए तो इसे नए संबंध या नई शुरुआत का प्रतीक समझा गया। इसी तरह, यदि किसी बातचीत के बीच अचानक मंदिर की घंटी या शंख की आवाज सुनाई दे तो यह माना गया कि उस काम के पूरे होने की संभावना और भी प्रबल हो जाती है। शकुन-अपशकुन केवल वस्तुओं या घटनाओं तक सीमित नहीं रहे। प्राचीन काल में पक्षियों की उड़ान, पशुओं की हरकतें और यहां तक कि वातावरण के परिवर्तन को भी भविष्यवाणी का आधार बनाया गया। महाकाव्यों और प्राचीन कथाओं में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। दुष्यंत और शकुंतला की कथा में 'शकुन पक्षी' का उल्लेख इस बात का प्रमाण है कि लोग इन संकेतों को ईश्वर की प्रेरणा या प्रकृति का संदेश मानते थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एएनटीएफ ने 5.2 किलो अफीम के साथ तस्कर को दबोचा

**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) बरेली यूनिट ने शुक्रवार देर रात मादक पदार्थ तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 5.2 किलोग्राम अफीम बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 52 लाख रुपए आंकी गई है। एएनटीएफ प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रामौतार, ग्राम ढकिया (थाना अलीगंज) का रहने वाला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह पंजाब के ग्राहकों तक अफीम सप्लाई करने पहुंचने वाला है। जानकारी के आधार पर त्रिशूल तिराहे के पास महेशपुरा फाटक स्थित यात्री शेड में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में रामौतार ने बताया कि वह झारखंड से अफीम मंगवाता है। उसका सप्लायर रांची निवासी डेविड है, जो हाल ही में देवचरा में माल देकर गया था। डेविड के खिलाफ बदायूं में भी मामला दर्ज है। एएनटीएफ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सुभाषनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए तस्करी नेटवर्क की पहचान कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### हर्ष फायरिंग में युवक की मौत असलहा जब्त

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात नामकरण संस्कार की दावत के दौरान हुई हर्ष फायरिंग ने एक युवक की जान ले ली। घटना के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान के नाती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि ग्राम प्रधान की लाइसेंसी बंदूक को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। ग्राम उमराव नगला निवासी विजय यादव के घर पुत्र जन्म की खुशी में दावत का आयोजन किया गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उत्सव में हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। अचानक चली गोली चंद्रपाल यादव के 20 वर्षीय पुत्र आशु यादव के सीने में लग गई। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई, जिससे समारोह में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान की लाइसेंसी बंदूक से उसके नाती विकास यादव ने फायरिंग की थी, जिसके परिणामस्वरूप आशु की मौत हुई। विकास यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और ग्राम प्रधान के हथियार लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### भारत बना वैश्विक ऊर्जा ग्रोथ का प्रमुख इंजन: प्रह्लाद जोशी

**पुरी।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हरित ऊर्जा क्षमता बढ़ाने की दिशा में भारत अब दुनिया के सबसे बड़े प्रेरक देशों में शामिल हो गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में 31.25 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जुड़ी है, जिनमें 24.28 गीगावाट केवल सौर ऊर्जा से है—यह अब तक का सर्वाधिक स्तर है। शनिवार को पुरी में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025 के उद्घाटन सत्र में मंत्री जोशी ने बताया कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में भारत ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश की सौर क्षमता 2.8 गीगावाट से बढ़कर करीब 130 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो 4,500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाती है।

# कफ सीरप पीने से बिगड़ी मासूमों की तबीयत, एक की मौत

**एजेंसी | औरैया**

औरैया जिले के ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र के नगला कहारन गांव में कफ सीरप पीने के बाद दो मासूम भाइयों की अचानक तबीयत बिगड़ने से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी बिधूना ले गए, जहां बड़े बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। छोटे को प्राथमिक उपचार के बाद उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई रेफर किया गया। घटना के बाद परिवार में गहरा शोक छा गया। जानकारी के अनुसार, सहार क्षेत्र के पटना बेला निवासी सचिन कुमार अपनी पत्नी नेहा और दो बेटों—18 माह के रोहन तथा 9 महीने के सोहन—के साथ एक पारिवारिक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद वे नगला कहारन स्थित साढ़ू के घर रुक गए। शुक्रवार को जब दोनों बच्चों को खांसी हुई तो घर में मौजूद कफ सीरप 'कोफजिन' उन्हें पिला दिया गया। यह दवा उनकी मौसी अपने उपयोग के लिए लेकर आई थीं। परिजनों ने बताया कि दवा देने के बाद नेहा ने बड़े बेटे रोहन को दूध पिलाकर दोनों बच्चों को सुला दिया, लेकिन डकार नहीं दिलाई। देर शाम जब दोनों बच्चे नहीं उठे तो परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।



### सांस नली में रुकावट की आशंका

सीएचसी बिधूना के चिकित्सक डॉ. प्रदीप सिंह के मुताबिक, रोहन को मृत अवस्था में लाया गया था। जबकि सोहन को सांस लेने में कठिनाई के चलते रेफर किया गया है। डॉक्टर ने आशंका जताई कि डकार न दिलाने और संभवत: सांस नली में रुकावट के कारण हालत गंभीर हुई होगी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बच्चे का शव घर ले गए।

# एसआईआर में सक्रियता से भाग ले बहुजन समाज: मायावती

**एजेंसी | लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बहुजन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताया है। उन्होंने कहा कि यदि बहुजन समाज अपने राजनीतिक अधिकारों को सुरक्षित रखना चाहता है, तो उन्हें इस अभियान में पूरी गंभीरता के साथ भाग लेना चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दिल्ली स्थित अपने आवास पर मायावती ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने देशभर से विशेषकर उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने वाले अनुयायियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मायावती ने सवाल उठाया कि संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के बावजूद बहुजन समाज के अच्छे दिन कब आएंगे। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्ग के लिए बाबासाहेब ने आजीवन संघर्ष किया, लेकिन आज भी इन्हें सत्ता और संसाधनों से दूर रखने के लिए विभिन्न राजनीतिक हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।



### हमें अपने वोट की ताकत को समझना होगा

उन्होंने कहा कि बहुजनों को अपनी वोट की ताकत को समझने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने एसआईआर को बेहद अहम बताते हुए बहुजन समाज से अपील की कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सक्रिय रूप से शामिल हों और अपने नाम सही ढंग से दर्ज करवाएं।

### डीएलएडः 36 हजार ने कराया पंजीकरण

**प्रयागराज।** डीएलएड प्रशिक्षण 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। शनिवार शाम तक 36 हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जबकि 32 हजार अभ्यर्थी आवेदन शुल्क भी जमा कर चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर तय की गई है। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश के सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 24 नवंबर से शुरू हुआ है और अभ्यर्थी 18 दिसंबर तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन का प्रिंट निकाल सकते हैं। सचिव ने स्पष्ट किया कि आवेदन में दी गई जानकारी में संशोधन का कोई अवसर नहीं मिलेगा, इसलिए अभ्यर्थियों को आवेदन भरते समय सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच करने की सलाह दी गई है। डीएलएड की कुल 2.39 लाख सीटें हैं, जिनमें से 10,600 सीटें डाइट संस्थानों में तथा शेष निजी कॉलेजों में उपलब्ध हैं।

# शादी से इनकार पर प्रेमी ने की थी हत्या



**एजेंसी | नोएडा**

थाना फेस-2 क्षेत्र में 28 नवंबर को हुई युवती की गोली मारकर हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रेमी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी को बिहार के भोजपुर जिले से पकड़ा और उसके पास से वारदात में इस्तेमाल तमंचा भी बरामद किया है। डीसीपी द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि अमरोहा की रहने वाली 25 वर्षीय सोनू नोएडा के याकूबपुर गांव में किराये पर रहती थी। फैक्ट्री में काम करने के दौरान उसकी पहचान आरा (बिहार) निवासी कृष्णा से हुई थी और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए थे। हाल के दिनों में कृष्णा शादी के लिए दबाव बना रहा था, जबकि सोनू इसके लिए तैयार नहीं थी। यही वजह थी कि उसने कृष्णा से बात करना बंद कर दिया और फोन भी उठाना छोड़ दिया। 28 नवंबर की रात कृष्णा सोनू से मिलने उसके कमरे पर पहुंचा। वहीं दोनों के बीच विवाद बढ़ा और गुस्से में आरोपी ने सोनू को गोली मार दी। घटना के बाद वह बिहार फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में लगी थी और सूचना मिलने पर टीम ने भोजपुर से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को रिमांड पर लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# थाना प्रभारी ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी

**एजेंसी | उरई**

जालौन जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र से शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय ने अपने सरकारी आवास में सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर जान दे दी। घटनास्थल से खून से लथपथ उनका शव और पास में रिवॉल्वर बरामद हुई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार मौके पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। एसपी के अनुसार, मूल रूप से संतकबीरनगर निवासी इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय वर्ष 2023 से कुठौंद थाना में तैनात थे। शुक्रवार को वह पेट्रोलिंग पर निकले थे और इसी दौरान एक भंडारे में शामिल हुए, जहां उनका सम्मान भी किया गया। रात करीब 9 बजे वह अपने सरकारी आवास लौट आए थे। लगभग आधे घंटे बाद आवास से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। साथी पुलिसकर्मी जब कमरे तक पहुंचे, तो वहां इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय खून से लथपथ पड़े मिले। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन रात 11:15 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इंस्पेक्टर ने यह कदम क्यों उठाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# नदेसर टकसाल शूटआउट: पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

**एजेंसी | प्रयागराज**

जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली छवि वाले धनंजय सिंह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से करारा झटका लगा है। 23 साल पुराने नदेसर टकसाल शूटआउट से जुड़े गैंगस्टर एक्ट मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस लक्ष्मी कांत शुक्ला की एकलपीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद स्पष्ट किया कि गैंगस्टर एक्ट के मामलों में निजी शिकायतकर्ता खुद को 'पीड़ित' बताकर अपील नहीं कर सकते, क्योंकि यह अपराध सीधे तौर पर राज्य और समाज के विरुद्ध माना जाता है। इसी आधार पर अदालत ने धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील को अस्वीकार कर दिया।



### क्या है मामला?

अक्टूबर 2002 में वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र स्थित नदेसर टकसाल सिनेमा हॉल के पास तत्कालीन विधायक धनंजय सिंह की गाड़ी पर घातक हमला किया गया था। हमलावरों ने एके-47 समेत ऑटोमेटिक हथियारों से फायरिंग की थी। इसे वाराणसी का पहला 'ओपन शूटआउट' माना जाता है। धनंजय सिंह इस हमले में बाल-बाल बच गए थे। उन्होंने विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज हुआ।

### ट्रायल कोर्ट का फैसला और अपील

ट्रायल कोर्ट ने 29 अगस्त 2025 को इस मामले में अभियुक्त सदीप सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह और सतेंद्र सिंह उर्फ बबलू को बरी कर दिया था। धनंजय सिंह ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, यह कहते हुए कि वे स्वयं इस मामले में पीड़ित हैं क्योंकि उन पर हमला हुआ था। लेकिन हाईकोर्ट ने माना कि गैंगस्टर एक्ट के तहत यह अपराध राज्य के खिलाफ माना जाता है, न कि व्यक्तिगत रूप से किसी एक व्यक्ति के।

## व्यापार जगत

# अगले हफ्ते बाजार में रहेगी हलचल, 12 आईपीओ होंगे सब्सक्रिप्शन के लिए खुले

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अगले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों के लिए उत्साहजनक समय आने वाला है। 8 दिसंबर से 12 दिसंबर 2025 तक मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट में कुल 12 आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे। इनसे कुल लगभग 14,000 करोड़ रुपए जुटाने का अनुमान है। इस लिस्ट में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट (ICICI Prudential AMC) का बहुप्रतीक्षित आईपीओ भी शामिल है, जो 12 दिसंबर को लॉन्च हो सकता है।




### सोमवार को पांच IPO होंगे ओपन

आईपीओ की गहमागहमी अगले सोमवार से शुरू होगी। इस दिन मेनबोर्ड पर कोरोना रेमेडीज़ (Corona Remedies) और वेकफिट इनोवेशंस (Wakefit Innovations) के आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे। वहीं, बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर केवी टॉयज इंडिया, प्रोडॉक्स सॉल्यूशंस और रिद्धि डिस्प्ले इक्विपमेंट्स के आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध होंगे।

### कोरोना रेमेडीज़ और वेकफिट इनोवेशंस

कोरोना रेमेडीज़, एक मिड-साइज़ फार्मा कंपनी, 655.37 करोड़ रुपए का ऑफर फॉर सेल लाएगी। इसके शेयर 1,008 से 1,062 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर उपलब्ध होंगे। वहीं, वेकफिट इनोवेशंस 1,288.89 करोड़ रुपए जुटाने के लिए अपना आईपीओ खोलेगी, जिसका प्राइस बैंड 185 से 195 रुपए प्रति शेयर है। बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर प्रोडॉक्स सॉल्यूशंस (27.6 करोड़ रुपए), रिद्धि डिस्प्ले इक्विपमेंट्स और केवी टॉयज इंडिया (37.74 करोड़ रुपए) के आईपीओ भी खुले रहेंगे।

# गोयल का संदेश: भारत के भविष्य को निखारें विश्वविद्यालय

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों का सबसे बड़ा योगदान यह हो सकता है कि वे प्रतिभाशाली छात्रों को अवसर दें, उनकी क्षमताओं को उभारें और उन्हें ऐसा मंच प्रदान करें जो उनकी प्रतिभा को पहचानने और सम्मान देने में सक्षम हो। गोयल ने यह विचार नोएडा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में व्यक्त किए, जहां लगभग 29,000 स्नातक छात्रों का बैच ऑनलाइन और ऑन-कैंपस शिक्षा प्राप्त कर रहा था। उन्होंने छात्रों और पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि यही समारोह का मुख्य आकर्षण है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की, जो




योग्य छात्रों को आर्थिक बाधाओं के बिना आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। गोयल ने यह भी कहा कि छात्रसंख्या का लगभग आधा हिस्सा युवा महिलाओं का है, और विश्वविद्यालय में नवाचार की मजबूत संस्कृति के तहत छात्रों द्वारा अब तक 450 से अधिक पेटेंट हासिल किए जा चुके हैं। वाणिज्य मंत्री ने यह ध्यान आकर्षित किया कि 50 संकाय सदस्य रामलिंगम स्वामी फेलो हैं, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान से देश की सेवा की।

### भारत-अमेरिका की व्यापार वार्ता दस दिसंबर से


**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के प्रतिनिधि 10 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। यह बैठक समझौते के प्रारंभिक चरण को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह वार्ता 10 से 12 दिसंबर तक चलेगी और इसमें व्यापार से जुड़े कई लंबित मुद्दों पर चर्चा होगी। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप-संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रिक स्वित्जर करेंगे। हालांकि यह औपचारिक दौर की वार्ता नहीं है, लेकिन समझौते की आधारभूत संरचना को तय करने के लिए इसे अहम चरण माना जा रहा है। गौरतलब है कि अगस्त में अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ा था। इसके बाद बातचीत के प्रयास तेज हुए। सितंबर में भी एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए भारत आया था, और अब यह उनकी दूसरी यात्रा है।

# जम्मू-कश्मीर की आर्थिक सुधार प्रक्रिया सराहनीय: सीतारमण

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जम्मू-कश्मीर में आर्थिक ढांचा मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा उठाए जा रहे कदमों की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को भारी नुकसान झेलने के बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोबारा गति देने के प्रयास उल्लेखनीय हैं। शनिवार को एक प्रमुख अखबार द्वारा आयोजित लीडरशिप समिट में 2019 के बाद भारत की आर्थिक यात्रा पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह अवधि घरेलू और वैश्विक चुनौतियों से भरी रही।

### अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास जारी



उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटन क्षेत्र की चुनौतियों पर गंभीरता से चर्चा की और अर्थव्यवस्था को फिर पटरी पर लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके इस सहयोगी रवैये की सराहना की जानी चाहिए।" वित्त मंत्री ने इस दौरान राज्यों में बढ़ती फ्रीबी संस्कृति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समस्या मुफ्त सुविधाएँ देने में नहीं, बल्कि उन राज्यों में है जिनकी वित्तीय स्थिति इसे वहन करने में सक्षम नहीं।

# स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय सहायता

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए एक नई वित्तीय सहायता योजना की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य नवोदित उद्यमों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और देश में उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत स्टार्टअप्स को शुरुआती पूंजी, तकनीकी सहायता और मार्केटिंग सपोर्ट प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत चयनित स्टार्टअप्स को 50 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह योजना मुख्य रूप से टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स को ध्यान में रखकर बनाई गई है। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से शुरू हो चुकी है और इच्छुक




स्टार्टअप्स 30 दिसंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। योजना का लक्ष्य यह है कि देश में नवाचार को बढ़ावा मिले और युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित हों। विशेषज्ञों का कहना है कि इस योजना से स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश बढ़ेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। योजना के माध्यम से सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि उद्यमिता केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्टार्टअप संस्कृति विकसित हो।

### ई-कॉमर्स में उछाल, लॉजिस्टिक में निवेश

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत का ई-कॉमर्स सेक्टर इस साल अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज कर रहा है। लॉकडाउन के बाद से ऑनलाइन शॉपिंग की मांग लगातार बढ़ी है और उपभोक्ताओं ने घरेलू डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भरोसा जताया है। इस वृद्धि को देखते हुए बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों ने अपने लॉजिस्टिक नेटवर्क का विस्तार करने के लिए भारी निवेश किए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों ने warehouses, डिलीवरी सेंटर और ऑटोमेशन तकनीक में करोड़ों रुपए निवेश किए हैं ताकि ग्राहकों को तेज़ और भरोसेमंद सेवा मिल सके।

# पहली बार कोलकाता भेजा गया दार्जिलिंग आरेंज

**एजेंसी | सिलीगुड़ी**

दार्जिलिंग की पहाड़ियों में उगने वाला विख्यात संतरा अब कोलकाता के बाजारों में भी उपलब्ध होगा। राज्य कृषि विपणन विभाग की ओर से की गई विशेष पहल के तहत शुक्रवार को करीब 460 किलो दार्जिलिंग ऑरेंज पहली बार ट्रेन से कोलकाता भेजा गया। शनिवार से इसे कोलकाता के सुफल बांग्ला स्टॉलों पर उचित दाम पर बेचा जाएगा। साथ ही, सिलीगुड़ी और अन्य जिलों में भी इसकी बिक्री शुरू होगी। सिलीगुड़ी में शुक्रवार से ही संतरे की बिक्री आरंभ हो गई है। यहां जगह-जगह लगने वाले मोबाइल सुफल बांग्ला स्टॉलों पर संतरा 140 रुपए प्रति किलो में उपलब्ध है। विभाग के मुताबिक, सिटोंग और सिबिटार समेत दार्जिलिंग के विभिन्न इलाकों से किसानों से सीधे 132 रुपए प्रति किलो की दर पर संतरा खरीदा जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं तक इसे न्यूनतम मार्जिन पर पहुंचाया जा सके। सिलीगुड़ी नियंत्रित बाजार समिति के सचिव अनुपम मैत्र ने बताया कि कोलकाता के सुफल बांग्ला आउटलेट्स पर दार्जिलिंग संतरा 185 रुपए प्रति दर्जन में उपलब्ध होगा। इस व्यवस्था से दार्जिलिंग का ताजा और उच्च गुणवत्ता वाला संतरा अब राज्यभर के उपभोक्ताओं तक आसानी से पहुंच सकेगा।

## 31,000 अंक पूरा करने वाले आठवें खिलाड़ी बने ड्यूरेंट




**नई दिल्ली।** केविन ड्यूरेंट ने एक और यादगार उपलब्धि अपने नाम कर ली है। शुक्रवार रात फीनिक्स सन्स के खिलाफ खेले गए एनबीए मुकाबले में उन्होंने 28 अंक जोड़कर अपने करियर के 31,000 पॉइंट्स पूरे किए। वे एनबीए इतिहास में इस आंकड़े तक पहुंचने वाले आठवें खिलाड़ी बन गए। ह्यूस्टन रॉकेट्स ने यह मुकाबला 117-98 से जीतकर ड्यूरेंट की उपलब्धि को और खास बना दिया। यह मैच ड्यूरेंट के लिए भावनात्मक भी रहा, क्योंकि वे ब्लॉकबस्टर सात-टीम ट्रेड के बाद पहली बार अपनी पूर्व टीम सन्स के सामने उतरे। पिछली बार 24 नवंबर को फीनिक्स में हुए मुकाबले में वे व्यक्तिगत कारणों से नहीं खेल पाए थे, जिसे रॉकेट्स ने 114-92 से जीता था। रॉकेट्स के लिए अमेन थॉम्पसन चमके। उन्होंने सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 31 अंक बनाए और टीम की छह मैचों में पाँचवीं जीत सुनिश्चित की।

## तीसरा वनडे: भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

- 61 गेंदों के शेष रहते भारतीय टीम ने जीता आखिरी वनडे
- जायसवाल की सेंचुरी, कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए
- दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से रौंदा, सीरीज 2-1 से जीती




**विशाखापट्टनम।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बॉल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। डॉ YS राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए।

### जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच मिला

271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच मिला। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शतक लगाया। यशस्वी का वनडे करियर का यह पहला शतक है और वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी इस सीरीज के पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे, लेकिन तीसरे वनडे मैच में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया।

### रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20000 रन पूरे किए

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20000 रन पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले रोहित चौथे भारतीय बन गए। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन का आंकड़ा छुआ है। सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर में 34357 रन बनाए हैं, जबकि विराट कोहली अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27910 रन बना चुके हैं। तीसरे स्थान पर राहुल द्रविड़ हैं जिन्होंने 24208 रन बनाए हैं। अब रोहित भी उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। रोहित भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले चौथे भारतीय हैं।

### रांची में भारत जीता, रायपुर में दक्षिण अफ्रीका ने मेजबानों को हराया

तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत भारत ने 17 रनों से जीत के साथ की थी। रांची में खेले गए मुकाबले में विराट कोहली और रोहित शर्मा की दमदार पारियों की मदद से 349 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 332 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इसके बाद 3 दिसंबर को रायपुर में हुई भिड़ंत में भी विराट कोहली का बल्ला गरजा और उन्होंने शतक जड़ा। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ ने भी सैकड़ा लगाया और दक्षिण अफ्रीका के सामने 359 रनों का लक्ष्य रखा। मेहमान टीम ने एडेन मार्करम के शतक और मैथ्यू ब्रीट्जके तथा डेवाल्ड ब्रेविस की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 362 रन बनाए और चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। निर्णायक मैच से पहले सीरीज 1–1 की बराबरी पर थी, लेकिन भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दमदार प्रदर्शन किया और 2–1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

## T20: आंद्रे रसेल ने 500 विकेट लेकर बनाया कीर्तिमान



**अबू धाबी।** वेस्टइंडीज के प्रसिद्ध ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर पार कर लिया है। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में डेज़र्ट वाइपर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान रसेल ने अपना 500वां टी20 विकेट लेकर इस उपलब्धि को छू लिया। टी20 प्रारूप में यह आंकड़ा हासिल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में उनका नाम अब बेहद अभिजात्य वर्ग में शामिल हो गया है। इस खास क्षण को टीम ने भी यादगार बना दिया। अबू धाबी नाइट राइडर्स प्रबंधन ने रसेल को '500' नंबर की विशेष जर्सी भेंट कर सम्मानित किया, जो उनके लंबे टी20 करियर में निरंतर प्रदर्शन और मैच जिताऊ भूमिका की पहचान है। तेज़ तर्रार गेंदबाजी, विस्फोटक बल्लेबाजी और किसी भी मैच का रुख पलट देने की क्षमता ने रसेल को आधुनिक टी20 युग का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी बनाया है। वे नाइट राइडर्स समूह—कोलकाता, अबू धाबी, त्रिनबागो और लॉस एंजेलिस—के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते रहे हैं। टीम ने रसेल की इस उपलब्धि को उनके करियर का गौरवपूर्ण अध्याय बताया और कहा कि यह क्षण वैश्विक टी20 लीगों में उनकी निरंतर उत्कृष्टता और प्रभाव का प्रमाण है।

### ज़ोरावर सिंह को ISSF का पीपल्स चॉइस एथलीट सम्मान



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी ट्रैप शूटर ज़ोरावर सिंह संधू को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। दोहा, क़तर में आयोजित वैश्विक मतदान में उन्हें आईएसएसएफ पीपल्स चॉइस मेन्स एथलीट ऑफ द ईयर 2025 चुना गया। एथेंस में इस वर्ष हुई शॉटगन विश्व चैम्पियनशिप में ज़ोरावर ने ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 18 साल बाद व्यक्तिगत पोडियम हासिल किया था। यह उपलब्धि भारत के लिए इस इवेंट में तीसरा व्यक्तिगत विश्व चैम्पियनशिप पदक है। इससे पहले मनवजीत सिंह संधू ने 2006 में स्वर्ण और करणी सिंह ने 1962 में रजत जीता था। ज़ोरावर ने वोटिंग में अपने साथी और पूर्व विश्व चैम्पियन रुद्रांक्ष पाटिल को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान प्राप्त किया।

## ग्रेव्स के दोहरे शतक ने बदल दिया नतीजा



**क्राइस्टचर्च।** क्राइस्टचर्च का टेस्ट मुकाबला आखिरी दिन रोमांच, जज्बे और संघर्ष की अविस्मरणीय मिसाल बन गया। पहले पारी में ढहने के बाद लगभग नामुमकिन लग रही स्थिति से वेस्टइंडीज ने जस्टिन ग्रेव्स की ऐतिहासिक नाबाद पारी की बदौलत मैच ड्रॉ करा लिया। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में ग्रेव्स ने 202 रनों की पारी खेलते हुए न केवल टीम को बचाया बल्कि टेस्ट इतिहास में धैर्य और जुझारूपन की अनूठी छाप भी छोड़ दी। 530 रनों के विशाल लक्ष्य या दो दिन तक टिके रहने की चुनौती के बीच कैरेबियाई टीम 163.3 ओवर बल्लेबाज़ी कर 457/6 का मजबूत स्कोर बनाकर मुकाबले को बराबरी पर छोड़ने में सफल रही। अंतिम दिन के नायक बने ग्रेव्स को नंबर 8 बैटर केमार रोच का शानदार साथ मिला। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 180 रनों की अटूट और रिकॉर्ड साझेदारी की, जिसने 35 साल पुराने सचिन तेंदुलकर–मनोहर प्रभाकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह साझेदारी वेस्टइंडीज की वापसी की रीढ़ साबित हुई। दूसरी पारी में ग्रेव्स को सबसे अहम सहयोग मिला शाई होप से, जिन्होंने आंख में संक्रमण के बावजूद 140 रनों की बहादुर पारी खेली।

## बॉ ली ड



### कल्कि के सीक्वल में प्रियंका



दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 AD' के सीक्वल से निकलने के कई बड़ी एक्ट्रेस के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में ऐसी भी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद फिल्ममेकर्स टीम प्रियंका चोपड़ा को फिल्म में ले सकते हैं। हालांकि अब मुश्किल लग रहा है। ताजा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म का हिस्सा बनने से मना कर दिया है। आपको बता दें कि तेलुगू मूवी 'कल्कि 2898 AD' 27 जून 2024 को रिलीज हुई थी। इस साइंस-फिक्शन मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म को डायरेक्टर नाग अश्विन ने निर्देशित किया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी लीड रोल में थे। इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा इसके रिलीज के वक्त ही कर गई थी। इसके साथ ये भी बताया गया था कि आने वाले सीक्वल में दीपिका ही लीड रोल प्ले करेंगी। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। फिल्म के सीक्वल के बनने से पहले ही दीपिका ने इस फिल्म को अलविदा कह दिया। मेकर्स ने खुद दीपिका के फिल्म के बाहर की पुष्टि की थी। दीपिका के बाहर होने के बाद ऐसी खबरें रहीं कि प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस बनेंगी।प्रियंका के ग्लोबल फैनबेस को देखते हुए मेकर्स उन्हें कास्ट करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अब यहां भी ट्विस्ट आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा ने भी दीपिका पादुकोण की तरह फिल्म साइन करने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं। रिपोर्ट में आगे लिखा है कि प्रियंका भी शूटिंग टाइम और शेड्यूल में थोड़ी सी फ्लेक्सिबिलिटी चाहती हैं। ताकि वह अपनी बेटी को टाइम दे सकें। हालांकि वो शूटिंग सेट पर अपनी बेटी के साथ ट्रैवल करने के लिए राजी हैं। रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए बताया गया है कि प्रियंका भी अपनी फीस में कोई कंप्रोमाइज नहीं चाहती हैं। उन्होंने सीक्वल के लिए लगभग दीपिका जितनी ही फीस मांगी है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि प्रियंका चोपड़ा के अलावा आलिया भट्ट, साई पल्लवी और अनुष्का शेट्टी से भी इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया है।

### धुरंधर में अर्जुन रामपाल की खलनायकी छायी




2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' में अभिनेता अर्जुन रामपाल का खलनायक वाला रूप दर्शकों को बेहद प्रभावित कर रहा है। फिल्म में 'एंजेल ऑफ़ डेथ' और ISI मेजर इक़बाल के किरदार में नजर आए अर्जुन ने अपने ठंडे तेवर, सुनहरे दांत और तीखी निगाहों से परदे पर खौफ पैदा कर दिया है। दर्शकों का मानना है कि लंबे समय बाद किसी बड़े स्टार ने निगेटिव किरदार को इतने प्रभावशाली ढंग से पेश किया है। फिल्म रिलीज होते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अर्जुन रामपाल को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं। एक यूजर ने लिखा, "अर्जुन रामपाल ने अपने करियर का सबसे खतरनाक अभिनय किया है। वह पूरी तरह अनहिंज्ड और रुथलेस नजर आए।" वहीं एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, "उनकी खतरनाक मुस्कान और स्क्रीन प्रेजेंस शानदार है, उन्हें पार्ट-2 में और ज्यादा देखना चाहेंगे।"कई दर्शकों ने अर्जुन को फिल्म का स्टैंडआउट परफॉर्मर बताते हुए कहा कि वह हर सीन में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हैं और फिल्म में एक अलग ही ऊर्जा लेकर आते हैं।

#### खामोशी में भी दिखा दम

फिल्म में अर्जुन रामपाल का किरदार संवादों से अधिक अपनी आंखों और बॉडी लैंग्वेज के जरिए असर छोड़ता है। उनकी ठंडी नजरें और रहस्यमयी मुस्कान दर्शकों पर खौ फ का प्रभाव छोड़ती हैं। जियो स्टूडियोज की प्रस्तुति 'धुरंधर' का निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर.माधवन अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रहस्यमयी किरदारों की पृष्ठभूमि और एक्शन से भरपूर यह फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए अर्जुन रामपाल की वापसी और उनके अगले अध्याय के प्रति उत्सुकता बढ़ती नजर आ रही है। Fans अब इसके दूसरे भाग का इंतजार कर रहे हैं।

### 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर किया धमाल



रणवीर सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर अकेली महारथी फिल्म है जो ताबड़तोड़ कलेक्शन करने के लिए 5 दिसंबर को आ चुकी है। फिल्म ने पहले दिन ऐसा धमाल कलेक्शन किया कि 'छावा' (31 करोड़) और 'वॉर 2' (29 करोड़) को बाद तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई। अब दूसरे दिन फिल्म ओपनिंग डे से भी ज्यादा भयंकर कमाई करना शुरू कर चुकी है। चलिए जान लेते हैं कि फिल्म ने अभी तक कितना कलेक्शन कर लिया है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 27 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे दिन 5:30 बजे तक 11.31 करोड़ कमाते 'धुरंधर' ने टोटल 38.31 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। सैक्निल्क पर उपलब्ध आज की कमाई से जुड़ा डेटा फाइनल नहीं है। इसमें बदलाव हो सकता है।

#### 'धुरंधर' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन

फिल्म को सिर्फ इंडिया में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में भी शानदार ओपनिंग मिली है। सैक्निल्क के मुताबिक फिल्म ने ओपनिंग डे पर इंडिया में 27 करोड़ तो ओवरसीज में 13 करोड़ कमाते हुए टोटल 40 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया। यानी फिल्म दूसरे दिन की अभी तक की कमाई मिलाकर 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। 'धुरंधर' में रणवीर सिंह लीड एक्टर हैं। संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और आर माधवन जैसे दिग्गज कलाकारों ने उनकी फिल्म को और भी बेहतरीन बना दिया है। फिल्म में सारा अर्जुन लीड एक्ट्रेस हैं जिनका स्क्रीन पर अपीयरेंस खूब सराहा जा रहा है। अक्षय खन्ना नेगेटिव रोल में खूब जचे हैं।

### 'कुबूल है से सात फेरे तक' सारा खान ने कृष पाठक संग पहले पढ़ा निकाह

सारा खान ने कृष पाठ के साथ इस साल अक्टूबर में स्पेशल मैरिज एक्ट, 1964 के तहत कोर्ट मैरिज की थी। अब रीति-रिवाज के संग कपल ने शादी की है। हिंदू और मुस्लिम सारा ने दोनों रीति-रिवाजों के संग शादी की है। पहल कपल ने निकाह किया और फिर सात फेरे लिए। अब कुछ देर पहले ही कपल ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है।सारा खान और कृष पाठक की जिंदगी का नया चैप्टर शुरू हो चुका है। कोर्ट मैरिज के बाद अब कपल ने निकाह और सात फेरे लेकर एक-दूसरे को अपना जीवनसाथी बनाया है। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए सारा ने लिखा,'कुबूल है से सात फेरे तक। हमारे प्यार ने अपनी खुद की एक स्क्रिप्ट लिखी है और हमारी दोनों दुनियाओं ने कहा-हां।मालूम हो कृष पाठक रामायण के लक्ष्मण उर्फ सुनील लहरी के बेटे हैं। अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए कृष ने एक्टिंग में कदम रखा। कृष को पीओडब्ल्यू-बंदी युद्ध के और ये झुकी झुकी सी नजर जैसे शोज में देखा जा चुका है।







इंडिगो संकट

# यात्रियों का पूरा रिफंड लौटाए इंडिगो : मंत्रालय

एजेंसी । नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो की उड़ान सेवाओं में आई बड़ी बाधा और रिफंड में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए एयरलाइन को कड़े शब्दों में निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि रद्द या रोकी गई सभी उड़ानों का पैसा रविवार रात 8 बजे तक अनिवार्य रूप से यात्रियों को लौटा दिया जाए। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रभावित यात्रियों से दोबारा बुकिंग के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि रिफंड प्रक्रिया में ज़रा भी देर या नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो एयरलाइन के खिलाफ तुरंत कानूनी और नियामक कार्रवाई की जाएगी।

- सभी उड़ानों का पैसा आज रात आठ बजे तक वापस करने का निर्देश
- प्रभावित यात्रियों से दोबारा बुकिंग शुल्क भी नहीं लेने का फरमान जारी

### रियल टाइम डेटा से मानीटरिंग

मंत्रालय एयरलाइनों और ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म से रियल-टाइम किराया डेटा लेगा। यदि किसी भी कंपनी द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक किराया वसूलने की शिकायत मिली, तो त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का कहना है कि वह स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और यात्रियों की राहत के लिए आवश्यक सभी कदम उठाती रहेगी।

### शिकायतों के लिए विशेष सहायता सेल

यात्रियों की मुश्किलें कम करने के लिए इंडिगो को एक विशेष सहायता एवं रिफंड सेल बनाने का आदेश दिया गया है। यह सेल स्वयं यात्रियों से संपर्क कर उनकी शिकायतें सुलझाएगा, ताकि रिफंड या वैकल्पिक यात्रा इंतजाम के लिए यात्रियों को लगातार फॉलो-अप न करना पड़े। फिलहाल, ऑपरेशन पूरी तरह सामान्य होने तक ऑटोमैटिक रिफंड सिस्टम जारी रहेगा।

### 48 घंटे में सामान की घर तक डिलीवरी

उड़ान रद्द या देरी के कारण जिन यात्रियों का सामान अलग रह गया है, उसे 48 घंटे के भीतर उनके पते पर पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। आवश्यक होने पर एयरलाइन को मौजूदा नियमों के तहत मुआवजा भी देना होगा।

### मनमानी किराए पर लगी नकेल, सीमा तय

इंडिगो की उड़ानों में उत्पन्न संकट का फ़ायदा उठाकर अत्यधिक किराया वसूलने की शिकायतों पर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को सभी एयरलाइनों को निर्देश जारी करते हुए प्रभावित मार्गों पर हवाई किराए की अधिकतम सीमा निर्धारित कर दी है। निर्देश के अनुसार, कोई भी एयरलाइन तय की गई इस नई ऊपरी सीमा से अधिक किराया नहीं ले सकेगी। यह व्यवस्था अस्थायी रूप से तब तक प्रभावी रहेगी, जब तक इंडिगो की सेवाएं पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट आतीं और सामान्य उड़ान संचालन शुरू नहीं हो जाता। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखकर उठाया गया है, ताकि मुश्किल हालात में जनता का आर्थिक शोषण न हो। मंत्रालय ने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और चिकित्सकीय वजहों से यात्रा कर रहे लोगों की सुविधाओं पर निगरानी बढ़ा दी है।




# बाबरी मस्जिद के बहाने तनाव बढ़ा रहे हुमायूं कबीर : विहिप

एजेंसी । नई दिल्ली

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के हालिया बयान और गतिविधियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया है कि वे बाबरी मस्जिद मुद्दे को फिर से उछालकर राज्य में साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।



विहिप ने इसे राम जन्मभूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के सर्वसम्मत फैसले की अवमानना बताते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई राज्य की शांति एवं कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है।

### ममता बनर्जी सरकार की होगी जिम्मेदारी

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखे पोस्ट में कहा कि मुर्शिदाबाद में कुछ माह पहले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हुए हमलों की घटनाएं अभी ताज़ा ही हैं, फिर भी हुमायूं कबीर विवादित बयान देकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि कबीर धार्मिक भावनाओं को भड़का कर कट्टरपंथी तत्वों को सक्रिय करने और राजनीतिक लाभ हासिल करने की मंशा रखते हैं। बंसल ने चेतावनी दी कि यदि बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी स्थान पर हिंसा भड़कती है, तो उसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर विधायक कबीर के साथ-साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय पूरी तरह स्पष्ट है और उसकी अनदेखी कर देश में अशांति फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### घुसपैठियों से प्रभावित है पश्चिम बंगाल

विहिप ने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल पहले से ही अवैध घुसपैठ और कट्टरपंथी गतिविधियों से प्रभावित है, ऐसे में इस तरह के कदम स्थिति को और अस्थिर कर सकते हैं। परिषद ने राज्य सरकार को कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था को राजनैतिक विवाद का साधन नहीं बनने दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही विहिप ने राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि समय रहते ऐसे प्रयासों को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन ने बेलडांगा क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### श्रद्धालुओं की कार से टकराई गाड़ी, पांच की मौत

**रामनाथपुरम।** सड़क किनारे खड़े अयप्प भक्तों की कार से तेज रफ्तार से आ रही दूसरी कार टकराने से 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल 7 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम क्षेत्र के 5 अयप्प भक्त कार में रामेश्वरम जा रहे थे। आज सुबह वे रैमनाथपुरम जिले के समुद्र तटीय सड़क कुम्बिड़ुमदुरई के पास सड़क किनारे अपनी कार खड़ी कर रहे थे कि तेज रफ्तार से आ रही डीएमके नगर मंडल अध्यक्ष की कार ने सड़क किनारे खड़ी आंध्र प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घायल 7 लोगों को रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही इस घटना के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में डेंगू का कहर

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों में देशभर के अस्पतालों में 200 नए डेंगू मरीज भर्ती हुए, लेकिन राहत की बात यह है कि इस दौरान कोई मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार नए मरीजों में चटगांव संभाग में 92, ढाका उत्तर नगर निगम में 72, और अन्य क्षेत्रों में शेष मरीज भर्ती हुए। इस वर्ष अब तक 96,827 लोग डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें 63% पुरुष और 37% महिलाएं हैं। डेंगू से मरने वालों की संख्या इस साल 394 हो गई है। पिछले साल 2024 में कुल 101,214 लोग डेंगू से प्रभावित हुए थे और 575 लोगों की मौत हुई थी।

### महाकाल : ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से पांच जनवरी तक बंद

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में 25 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन सुबह होने वाली भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद रहेगी। महाकाल मंदिर समिति ने यह कदम नव वर्ष पर बढ़ने वाले भारी श्रद्धालु सैलाब को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया है। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि नव वर्ष के दौरान 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने का अनुमान है। इसलिए ऑफलाइन बुकिंग के माध्यम से ही श्रद्धालु भस्म आरती में भाग ले सकेंगे। प्रशासक ने कहा कि नव वर्ष पर दर्शनार्थियों को त्रिवेणी संग्रहालय से एंट्री कर महाकाल लोक, मान सरोवर और टनल होते हुए गणेश मंडपम तक पहुंचना होगा। एग्जिट टनल से बाहर निकलकर बछड़े गणेश मंदिर के सामने से बाहर निकाला जाएगा। भस्म आरती के लिए अनुमति एक दिन पहले फॉर्म भरने और दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर दी जाएगी। महाकाल मंदिर समिति ने सुरक्षा और प्रबंधन को सुचारु रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया है और रूट प्लान तैयार किया है। जिन भक्तों को ऑनलाइन या ऑफलाइन परमिशन नहीं मिल पाई, उनके लिए चलित भस्म आरती व्यवस्था शुरू की गई है।

## पर्यटकों की आमद से सोनमर्ग फिर गुलजार

- घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी
- बर्फबारी शुरू होने के बाद बढ़ सकती है टूरिस्ट्स की संख्या

एजेंसी । गांदरबल

कश्मीर घाटी में लंबे समय तक पर्यटन गतिविधियों में सुस्ती रहने के बाद अब सोनमर्ग में पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ रही है। इससे पर्यटन पर निर्भर स्थानीय लोगों में फिर से उम्मीद जागी है। अधिकारियों के अनुसार, पिछले दो महीनों में पर्यटकों की संख्या में आई तेजी इस बात का संकेत है कि सर्दियों की बर्फबारी शुरू होते ही यह रफ्तार और तेज हो सकती है।



### जून में आए थे सर्वाधिक पर्यटक

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, सोनमर्ग में अलग-अलग महीनों में पर्यटकों की संख्या लगातार बनी रही। 23-31 अप्रैल के बीच 7,209 घरेलू, 341 विदेशी और 832 स्थानीय पर्यटक पहुंचे। मई में आंकड़ा बढ़कर 17,083 घरेलू, 486 विदेशी और 4,004 स्थानीय पर्यटकों तक पहुंच गया। जून में यह संख्या उछलकर 33,692 घरेलू, 281 विदेशी और 14,165 स्थानीय पर्यटकों तक पहुंची। जुलाई में 25,281 घरेलू, 159 विदेशी और 14,165 स्थानीय पर्यटक आए।

### पहलगाम के बाद से छाई थी वीरानी

पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि घाटी में अब फिर से पर्यटक बढ़ रहे हैं। हालांकि पहलगाम की घटना के बाद पर्यटन व्यवसाय पर भारी असर पड़ा था, जिससे होटल कारोबार, परिवहन, गाइडिंग सेवाओं और अन्य संबंधित गतिविधियों पर निर्भर लाखों लोगों की आय प्रभावित हुई। कई टूर ऑपरेटर तो नुकसान की भरपाई के लिए बैंक से खरीदे गए वाहनों को बेचने पर मजबूर हो गए थे। इसके बावजूद स्थानीय कारोबारियों को विश्वास है कि बर्फ गिरने के साथ ही सर्दियों का मौसम पर्यटकों को एक बार फिर कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की ओर आकर्षित करेगा और पर्यटन क्षेत्र में नई जान फूंकेगा।

## मुठभेड़ के बाद विस्फोटक छोड़ भागे नक्सली

- छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिले बालाघाट के घने जंगले से हुई बरामदगी

एजेंसी । बालाघाट

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे माताघाट क्षेत्र में शनिवार दोपहर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के दबाव में नक्सली घने जंगल का सहारा लेकर भाग निकले, जबकि मौके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और आवश्यक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर जिले में 2026 तक नक्सल उन्मूलन अभियान तेज किया गया है।



### नक्सलियों के पास अब दो ही विकल्प

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, "नक्सलियों के सामने अब दो ही विकल्प हैं—आत्मसमर्पण करें या कड़ी कार्रवाई का सामना करें। आत्मसमर्पण करने पर शासन की सभी पुनर्वास योजनाओं का लाभ मिलेगा।" गौरतलब है कि 1990 से नक्सली समस्या से जूझ रहे बालाघाट जिले को मार्च 2026 तक पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं।

### सर्च टीम पर अचानक हुई फायरिंग

शनिवार दोपहर करीब 12 :30 बजे सर्चिंग पर निकली टीम पर अचानक छिपे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू की। सुरक्षाबलों की त्वरित प्रतिक्रिया के बाद नक्सली अपना कैंप छोड़कर भाग गए। घटनास्थल से विस्फोटक, वायर, बैटरियां, दवाइयां, कपड़े और राशन सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं मिलीं, जिससे क्षेत्र में नक्सलियों की सक्रियता की पुष्टि होती है। एसपी मिश्रा ने बताया कि हाल के महीनों में ग्रामीणों द्वारा नक्सलियों को सहयोग देना लगभग बंद कर दिया गया है, जिससे उनकी आपूर्ति श्रृंखला कमजोर पड़ गई है और वे लगातार ठिकाने बदलने को मजबूर हैं।

## स्टार्टअप में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र भारत

यूनियन मिनिस्टर जितेंद्र सिंह ने कहा, वैश्विक मंच पर लगातार बढ़ रही भारत की प्रतिष्ठा



एजेंसी । पंचकूला

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है और इसका स्पष्ट प्रमाण स्टार्टअप सेक्टर में मिली सफलता है। उन्होंने बताया कि भारत अब 1.75 लाख स्टार्टअप के साथ दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। डॉ. सिंह ने कहा कि पेटेंट फाइलिंग में भारत की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि वैज्ञानिक प्रकाशनों में भारत अगले दो वर्षों में अमेरिका को भी पीछे छोड़ सकता है। वर्तमान में भारत से 1.91 लाख शोध प्रकाशन सामने आ चुके हैं। वह शनिवार को पंचकूला में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (IISF) के 11वें संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस महोत्सव को '3C-उत्सव, संचार और करियर' का अनोखा संगम बताया और कहा कि इसके माध्यम से विज्ञान को सरल रूप में जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है।

## क्वाड देशों का दो टूकः सीमा-पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

- ग्रुप के सभी देशों ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा की
- आतंकवाद मुक्त बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने क्वाड मंच के जरिए एक बार फिर आतंकवाद के सभी रूपों की कड़े शब्दों में निंदा की है। चारों देशों ने विशेष रूप से सीमा-पार आतंकवाद पर चिंता जताते हुए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुरक्षित, स्वतंत्र और आतंकवाद-मुक्त बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। 4-5 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित तीसरी क्वाड काउंटर टेररिज्म वर्किंग ग्रुप (CTWG) बैठक में सदस्य देशों ने बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने, आतंकवादियों और आतंकी नेटवर्क से जुड़ी सूचनाओं के तेज और सटीक आदान-प्रदान पर जोर दिया।



### साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी

बैठक में भारत के सेक्रेटरी (वेस्ट) और राजदूत सिबी जॉर्ज ने कहा कि आतंकवाद से लड़ाई के लिए साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति और गहन सहयोग जरूरी है। उन्होंने 22 अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के प्रति दिखाए गए समर्थन के लिए क्वाड देशों का आभार भी जताया। क्वाड सदस्यों ने 10 नवंबर 2025 को दिल्ली में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और इसके साजिशकर्ताओं व वित्तपोषकों को न्याय के दायरे में लाने की अपील की।

### वैश्विक आतंकवाद का मूल्यांकन

बैठक के दौरान इंडो-पैसिफिक समेत वैश्विक आतंकवाद के मौजूदा परिदृश्य का मूल्यांकन किया गया और उभरती चुनौतियों से निपटने के तरीके तलाशे गए। इसी क्रम में "शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी कार्रवाई" पर एक टेबलटॉप अभ्यास भी आयोजित किया गया जिसमें विशेषज्ञों ने साझा रणनीतियों और सहयोगी उपायों पर चर्चा की।

## नेशनल हेराल्ड केसः डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को नोटिस

प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय नेतेज की कार्रवाई, दोबारा भेजी गई है नोटिस

एजेंसी । बेंगलुरु

नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को एक और नोटिस जारी किया है। शिवकुमार ने शनिवार को इसकी पुष्टि करते हुए इसे राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित कदम बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड और यंग इंडिया, दोनों कांग्रेस पार्टी से संबद्ध संस्थान हैं और कठिन दौर में पार्टी नेताओं ने संबंधित ट्रस्टों के माध्यम से उनकी वित्तीय मदद की थी।



### राजनीतिक दबाव हो रहा उत्पीड़न : शिवकुमार

शिवकुमार ने बताया कि ईडी के आग्रह पर वे सभी दस्तावेज और आवश्यक जानकारी पहले ही जमा करा चुके हैं और मामले में चार्जशीट भी दायर हो चुकी है। अब दिल्ली पुलिस ने उन्हें 19 दिसंबर तक उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। राजनीतिक दबाव और उत्पीड़न करार दिया तथा कहा कि वे इस मामले का सामना कानूनी प्रक्रिया के तहत करेंगे।

## नौकरी से बर्खास्तगी 'आर्थिक मौत' से कम नहीं : हाईकोर्ट

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि किसी कर्मचारी को बर्खास्त करना उसकी आर्थिक मौत के समान होता है और ऐसे निर्णय के लिए ठोस सबूत होना अनिवार्य है। कोर्ट ने इस तर्क के साथ नागौर के मेड़ता सिटी निवासी कांस्टेबल शंकरराम को तत्काल प्रभाव से सेवा में बहाल करने का आदेश दिया। शंकरराम ने 24 सितंबर 2008 को पुलिस सेवा जॉइन की थी। उनके खिलाफ आरोप था कि 2009-10 में उन्होंने प्रोबेशन काल के दौरान ट्रेनिंग सेंटर के कैंटीन ठेकेदार के बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा देकर पैसा लिया।

## राबड़ी देवी की ट्रांसफर याचिका पर सुनवाई जारी

एजेंसी । नई दिल्ली



राउज एवेन्यू कोर्ट में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी द्वारा दायर उस याचिका पर अब 9 दिसंबर को भी सुनवाई जारी रहेगी, जिसमें उन्होंने अपने और परिवार से जुड़े मामलों को मौजूदा जज से हटाकर किसी अन्य जज को सौंपने की मांग की है। यह आदेश प्रिंसिपल एंड डिस्ट्रिक्ट जज दिनेश भट्ट ने दिया। शनिवार को हुई सुनवाई में राबड़ी देवी की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि मामले की सुनवाई कर रहे जज विशाल गोगने प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे और "किसी भी कीमत पर 2026 में फैसला सुनाने" का दबाव बनाए हुए हैं।

### रेलवे टेंडर और लैंड फार जाब घोटाला

राबड़ी देवी ने जज गोगने के पास लंबित चार मामलों, जिनमें प्रमुख रूप से रेलवे टेंडर घोटाला और लैंड फॉर जॉब घोटाला शामिल हैं, को दूसरे जज के हवाले करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 13 अक्टूबर को जज गोगने ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज रेलवे टेंडर घोटाला मामले में आरोप तय किए थे। तीनों ने स्वयं को निर्दोष बताया है।

नीरव मोदी को भारत लाने की प्रक्रिया तेज

# लंदन जाएगी सीबीआई और ईडी टीम

एजेंसी । नई दिल्ली

भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) और प्रवर्तन निदेशालय (ED) की संयुक्त टीम अगले सप्ताह लंदन का दौरा करेगी। यह टीम नीरव मोदी की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील की पहली सुनवाई में हिस्सा लेगी और क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (CPS) को उसके दावों का जवाब देने में मदद करेगी। एजेंसियों का कहना है कि नीरव मोदी के यह दावे कि उसे भारत लाया गया तो यातना का खतरा है, वास्तविकता से दूर हैं। भारत में उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के ठोस इंतजाम किए गए हैं। जांच टीम नीरव मोदी की हर दलील का कड़ा जवाब देगी। एजेंसी यह भी तर्क पेश करेगी कि नीरव मोदी अक्सर प्रत्यर्पण रोकने के लिए अपील करता रहा है, और ब्रिटेन की अदालतों ने इससे पहले कई बार उसकी याचिकाएं खारिज की हैं।



### नीरव मोदी ने लगाया था आरोप

नीरव मोदी ने अगस्त में वेस्टमिंस्टर कोर्ट में अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि भारत प्रत्यर्पण के दौरान विभिन्न एजेंसियों से पूछताछ कराएगी और उसे यातना का सामना करना पड़ सकता है। इसका जवाब देते हुए भारत सरकार ने लंदन को आश्वासन पत्र भेजा है, जिसमें साफ कहा गया है कि प्रत्यर्पण की स्थिति में नीरव मोदी केवल मुकदमे का सामना करेगा और किसी भी एजेंसी द्वारा उसे हिरासत में नहीं लिया जाएगा।